

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 11 अगस्त 2023 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-134 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 अगस्त 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## ममतामयी मिनीमाता को भूपेश बघेल ने किया नमन

**रायपुर,11 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज मिनीमाता स्मृति दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एव कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

राजधानी के शहीद स्मारक भवन में आज पूर्वान्ह 11.35 बजे आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अलावा नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, अकादमी के अध्यक्ष के.पी. खांडे, संरक्षक श्रीमती शकुन डहरिया एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित हैं। इस अवसर पर समाज में श्रेष्ठ कार्य करने वाली मातृ शक्ति का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा नगरीय प्रशासन मंत्री शिव कुमार डहरिया ने नीट सलेक्शन के बाद एमबीबीएस में चयनित कुमारी हुमेश्वरी ढहरिया, चंचला कुर्रे सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में, कुलवंती सोनवानी मंदिर हसौद से सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में प्रतिभा सम्मान प्रदान करते हुए प्रतीक चिन्ह दिया गया। इस तरह करीब 500 महिलाओं को यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि समाज के द्वारा पूर्व भी बेहतर काम हो रहे थे, उन्हें पूरा विश्वास है कि संस्थान आगे भी ऐसे ही श्रेष्ठ काम करेगी। आज मिनीमाता के पुण्यतिथि के अवसर पर माताओं व बहनों का सम्मान किया गया। अच्छे काम करने वाले लोगों की पहचान करना चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। मगर हम सब को बेहतर काम करते रहना है। मिनीमाता जी न केवल एक श्रेष्ठ गृहणी थी, बल्कि उन्होंने समाज के लिए भी बेहतर कार्य किया। उन्होंने महासमुंदर, सारंगढ़, जांजगीर-चांपा के अलावा पूरे प्रदेश की सेवा की। उन्होंने कहा कि ऐसे न जाने कितने विधायक-सांसद होंगे, मगर मिनीमाता ऐसी प्रतिभा थी जिन्हें आज भी पूरे सम्मान के साथ स्मरण किया जाता है।



## संक्षेप

### अज्ञात वाहन ने मोपेड सवार युवा व्यवसायी को मारी टक्कर, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**कांकेर,11 अगस्त।** जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई है. इमलीपारा बाईपास मार्ग के पास अज्ञात वाहन ने मोपेड सवार युवा व्यवसायी को ठोकर मार दी. हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक सड़क पर पड़ा रहा. पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलीपारा बाईपास मार्ग के पास अज्ञात वाहन ने मोपेड सवार युवा व्यवसायी संदीप आहूजा को ठोकर मार दी. हादसे में गंभीर रूप से घायल संदीप सड़क पर ही पड़ा है. घटना की सूचना पर पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन मौके पर पहुंची और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. अस्पताल में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया. इस घटना से शहर के व्यापारियों में शोक का माहौल है.

### सिनेमाघरों में हाउसफुल चल रही रजनीकांत की फिल्म जेलर

**मुंबई,11 अगस्त।** फिल्म 'जेलर' के साथ रजनीकांत ने दो साल बाद स्क्रीन पर वापसी किया है. इस फिल्म को देखने के लिए उनके फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए हैं. यही कारण है कि फिल्म देखने वालों ने 15 अगस्त तक का शो बुक कर लिया है. 15 अगस्त तक साउथ के सभी सिनेमाघरों में हाउसफुल चल रहा है. इसी को देखते हुए साउथ के कई ऑफिसेज में बाकायदा ऑफिशियल छुट्टी रखी गई. ताकि ऐसा न हो कि सब कोई न कोई बहाना बनाकर छुट्टी ले लें. इस क्रेज को देखते हुए पहले हफ्ते में ही फिल्म इंडिया में बंपर बिजनेस कर सकती है. भारत में 'जेलर' 49 करोड़ की ओपनिंग ले सकती है. तमिलनाडु से फिल्म 25 करोड़ कमाएगी. कर्नाटक से 11 करोड़ का कलेक्शन होगा. केरल फिल्म को 4 करोड़ कमाकर देगा. आन्ध्र प्रदेश और तेलंगाना रीजन में फिल्म 7 करोड़ के आसपास कमाएगी. बांकी भारत से इसे सिर्फ 2 करोड़ की कमाई होगी. यानी रजनीकांत साउथ के राज्यों से ही 47 करोड़ कमा लेंगे.

### जालसाजी के आरोप में आप नेता सांसद राघव चड्ढा को राज्यसभा से किया गया निलंबित

**नई दिल्ली,11 अगस्त।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा को राज्यसभा से तब तक के लिए निलंबित कर दिया गया है जब तक कि विशेषाधिकार समिति राज्यसभा में दिल्ली सेवा विधेयक से संबंधित एक प्रस्ताव में पांच सांसदों के जाली हस्ताक्षर करने के आरोप पर अपना निष्कर्ष नहीं दे देती। चार राज्यसभा सांसदों ने दावा किया था कि चड्ढा ने 7 अगस्त को एक प्रस्ताव में उनकी अनुमति के बिना उनका नाम शामिल किया था। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को सांसदों की शिकायतों को मामले की जांच के लिए विशेषाधिकार समिति को भेज दिया। सांसद सस्मित पात्रा, एस फांगनोन कोन्याक, एम थंबीदुरई और नरहरि अमीन ने चड्ढा पर उनसे पूछे बिना उनका नाम सदन के पैनल में जोड़ने का आरोप लगाया। इस बीच, आप ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चड्ढा को जानबूझकर फंसाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। पार्टी ने कहा कि राघव चड्ढा के खिलाफ फर्जी हस्ताक्षर के आरोप झूठे और राजनीति से प्रेरित थे और भाजपा पर पार्टी के खिलाफ बोलने के लिए चड्ढा को निशाना बनाने का आरोप लगाया।

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हाईकोर्ट के 9 जजों के तबादले की सिफारिश की

**नई दिल्ली ,11 अगस्त ।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने तीन हाईकोर्ट के 9 जजों का तबादला करने की सिफारिश की है.इनमें गुजरात और पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चार-चार जज हैं. कॉलेजियम ने गुजरात हाईकोर्ट में जिन चार जजों का तबादला करने की सिफारिश केंद्र सरकार से की है, उनमें जस्टिस हेमंत एम प्रचछक भी शामिल हैं. उन्होंने राहुल गांधी की दोष सिद्धि पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था उनके अलावा जस्टिस गीता गोपी ने भी राहुल गांधी के मोदी मानहानि मामले की सुनवाई से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि मेरे सामने मत सूचीबद्ध करें.



## सामान्य सभा स्थगित,भाजपा पार्षद बैठे धरने पर

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर,11 अगस्त।** नगर निगम की सामान्य सभा अपने निर्धारित समय में प्रारंभ हुई इसके पश्चात सभापति ने सदन की कार्रवाई स्थगित कर दी। भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने रोष जताया। विरोध स्वरूप सभापति के सामने बैठ गये। 10 मिनट नारेबाजी के पश्चात वे भी उठकर चले गये। सभापति ने अब 17 अगस्त को अगली सामान्य सभा बुलाने की घोषणा की है।

**17 को होगी अगली सामान्य सभा**

भाजपा की पार्षद सुशीला धीवर ने बताया कि एक राजनीतिक षड़यंत्र के तहत सामान्य सभा आयोजित नहीं की गई। सभापति ने बहुमत के आधार पर इसे स्थगित कर दिया जो कि अनुचित है। आज सामान्य सभा की बैठक में सड़क में गड्ढे में सड़क का मामला उठाया गया था। विपक्ष ने इसे मुख्य मुद्दा बनाकर महापौर को घेरने की कोशिश की थी। आज कांग्रेस संकल्प दिवस मनाया जा रहा है। यह आयोजन पश्चिम डीडी सभागृह तथा उत्तर का खालसा स्कूल में आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्यमंत्री शामिल होने वाले है। इसीलिए आज सामान्य सभा स्थगित कर करने का आरोप भाजपा पार्षद ने लगाया है। रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा में कांवर लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे भाजपा पार्षदों ने जोरदार हंगामा मचाया.

जल संकट, बदहाल सड़क और जल भराव को लेकर भाजपा पार्षदों के हंगामे के बीच सामान्य सभा सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई. सामान्य सभा स्थगित होने के बाद भाजपा पार्षदों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे बैठकर प्रदर्शन करते हुए निगम महापौर और सभापति पर चर्चा से भागने का आरोप लगाया. इसके साथ ही कांग्रेस की बैठक के कारण सामान्य सभा स्थगित करने का आरोप लगाया. नगर निगम की सामान्य सभा 4 महीने बाद बुलाई गई थी. नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे ने भाजपा पार्षदों के प्रदर्शन को शर्मनाक करार देते कहा कि उन्होंने गलत आचरण किया है. हमने आग्रह किया कि सवैंधानिक रूप से मांग करे. सदन समस्या के समाधान के लिए होता है, लेकिन भाजपा पार्षदों ने सदन में हंगामा किया गया. वहीं नगर निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार का जवाब देने में असमर्थ हैं, इसलिए सभा स्थगित की. उन्होंने कहा कि 4 महीने बाद सभा आयोजित की गई थी. महापौर संगठन के काम में जाना चाहते थे, इसलिए सभा को स्थगित किया. कांग्रेस पार्षदों में दम है तो हमें बर्खास्त करके दिखाए. हमारी सदस्यता समाप्त करके दिखा दें.

## अधीर रंजन चौधरी का निलंबन सत्ता के अहंकार को दर्शाता है : मल्लिकार्जुन खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को निलंबित किए जाने को अलोकतांत्रिक और दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि यह सत्ता के अहंकार को दर्शाता है. उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदन का उपयोग चुनावी रैली के लिए किया है. खरगे ने 'एक्स पर पोस्ट किया, ''धन्यवाद प्रधानमंत्री जी, आखिरकार आपने मणिपुर हिंसा पर सदन में अपनी बात रखी. हमें भरोसा है कि मणिपुर में शांति बहाली की गति तेज़ होगी, राहत शिविरों से लोग अपने घरों को लौटेंगे. उनका पुनर्वास होगा, उनके साथ इंसाफ होगा. आपने अगर अपना राजहठ और अहंकार पहले त्याग दिया होता तो संसद का कीमती समय बचता. अहम विधेयक अच्छी चर्चा के साथ पारित होते.उन्होंने कहा, ''हमें तकलीफ है कि मणिपुर हिंसा जैसे अभूतपूर्व मुद्दे पर विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव जैसे संसदीय हथियार का उपयोग करना पड़ा. लेकिन सदन का उपयोग भी आपने चुनावी रैली के रूप में किया. खरगे ने कहा, ''आखिरी दौर में लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी का निलंबन किया गया जो बेहद अलोकतांत्रिक और दुर्भाग्यपूर्ण है. ये सत्ता के अहंकार और दुर्भावना को दर्शाता है.

## चंद्रयान-3 के बाद चांद के सफर पर रवाना हुआ लूना-25, 21 अगस्त को हो सकती है चंद्रमा पर लैंडिंग

**नई दिल्ली ,11 अगस्त।** रूस ने चंद्रमा पर कदम रखने के लिए 47 साल बाद अपना अभियान लॉन्च कर दिया है। शुक्रवार तड़के स्थानीय समय के मुताबिक 2 बजकर 11 मिनट पर बोस्तोनी कॉस्मोड्रोम से लूना-25 को लॉन्च किया गया। रूस से पहले भारत अपने अंतिरक्ष यान चंद्रयान-3 को चंद्रमा पर भेजा गया है। दोनों ही मिशन का उद्देश्य चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग कराना और चांद की सतह का अध्ययन करना है। रूस और भारत दोनों के यान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करेंगे। रूस ने 1976 के बाद पहली बार चंद्रमा पर अपने 'लूना-25' यान को भेजा है। इस यान का प्रक्षेपण यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी की मदद के बिना किया गया। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद मॉस्को के साथ इस एजेंसी ने अपना सहयोग समाप्त कर दिया था। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के प्रमुख यूरी बोरिसोव के मुताबिक, लूना का लैंडर 21 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर उतर सकता है। पहले इसके लैंडिंग की तारीख 23 अगस्त बताई जा रही थी। इंटरफैक्स के मुताबिक, बोरिसोव ने लॉन्च के बाद वोस्तोचन कोस्मोड्रोम में कार्यकर्ताओं से कहा, अब हम 21 तारीख का इंतजार करेंगे। मुझे उम्मीद है कि चंद्रमा पर बेहद सटीक सॉफ्ट लैंडिंग होगी। लूना-25, लगभग एक छोटी कार के आकार का है।

## रायपुर में बना अनोखा रिकॉर्ड, 2 लाख लोगों ने एक साथ गाया वंदे मातरम

**रायपुर,11 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के इतिहास में आज एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हुआ है. राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में लगभग 2 लाख लोगों ने एक साथ राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' गाकर रिकॉर्ड दर्ज किया. जिसमें जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और तमाम समाज सेवा संगठन से जुड़े लोग शामिल हुए. वहीं पद्मश्री उषा बारले, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राम सुंदर दास महंत भी मौजूद रहे. यह कार्यक्रम ? मंडली शिवशक्ति अवतार सेवा संस्थान और वसुधैव कुटुंबकम फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया है. रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में ?मंडली शिवशक्ति अवतार सेवा संस्थान और वसुधैव कुटुंबकम फाउंडेशन द्वारा 'मिशन 1 लाख वंदे मातरम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम देशभर के 16 राज्यों में आयोजित किया गया. रायपुर को मुख्य केंद्र बनाया गया, जिसमें ऑफलाइन के साथ अन्य राज्यों से लोग ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े. जिन्हें मिलाकर लगभग 2 लाख लोग जुड़े. बता दे कि संस्था ने 2019 में 15 किलोमीटर तक तिरंगा फैलाकर पहले भी ऐसे ही इतिहास रचा है. इस कार्यक्रम में लोगों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. जिसमें स्कूली बच्चे, समाज से जुड़े लोग और जनप्रतिनिधि शामिल हुए. कार्यक्रम का आगाज झांकी निकाल कर किया गया और मंच पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी. इसके बाद सभी ने एक सूर में हम आवाज होकर राज्य गीत अरपा पैरी के धार गया और उसके बाद वंदे मातरम गाकर ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया और इसके जल्द ही वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा. इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है.





## विश्व आदिवासी दिवस पर कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस

**दंतेवाड़ा,11 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा द्वारा शहीद महेंद्र कर्मा चौक में शहीद गुंडाधुर, शहीद रानी दुर्गावती और शहीद बीरसामुंडा की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात कांग्रेसियों द्वारा मशाल जुलूस निकाली गई। जुलूस में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम, पीसीसी मेम्बर छविंद्र कर्मा, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा समेत जिला कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी- कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल हुए। बुधवार दोपहर मशाल जुलूस शहीद महेंद्र कर्मा चौक से शुरू हुई, जो मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड से बैंक चौंक पहुंची। यहां से जुलूस छविंद्र कर्मा के निवास स्थल पर पहुंच समाप्त हुई। वहीं छविंद्र कर्मा के निवास स्थल पर आयोजित सामूहिक भोज कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी, ग्रामीण शामिल हुए। मशाल जुलूस के पूर्व पीसीसी मेम्बर छविंद्र कर्मा ने विश्व आदिवासी दिवस पर कतियाररास स्तिथ साप्ताहिक बाजार स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। मशाल जुलूस के दौरान जिला उपाध्यक्ष मंगल यादव, महामंत्री रितेश जैन, प्रवीण राणा, विमल सलाम, अनिल कर्मा, चंद्रभान झाडी, मंगल मौर्य, सोहन भवानी, कमलोचन कश्यप, बीजू कश्यप, गंगू कश्यप, विद्यानंद सेन, जोगी नाग, राहुल कुमार, अजय मरकाम, आकाश विश्वास, एन नागराज, राकेश कर्मा, अनिल जायसवाल, युकां जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा, राकेश मंडावी, जितेंद्र कश्यप, कमलू अतरा समेत भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कबाड़ी की हत्या, 3 गिरफ्तार

**भिलाई,11 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कुम्हारी थाना क्षेत्र के रामपुर चोरहा गांव में बीती रात घूम घूमकर कबाड़ खरीदने वाले युवक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। कबाड़ियों के बीच आपसी प्रतिस्पर्धा को इस वारदात का कारण माना जा रहा है। मृतक कमल खुंटे पिता पवन खुंटे ( 27 वर्ष ) रायपुर चोरहा का ही रहने वाला है। फिलहाल पुलिस इस मामले में तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है बीती रात 10 से साढ़े 10 बजे के बीच रायपुर चोरहा गांव में सर्वोदय ग्रीन्स के पास कमल खुंटे नामक युवक की हत्या हो गई। मृतक रावतपुरा सरकार कॉलेज के बगल में निवास करता था। मृतक के बारे में पता चला है कि वह घूम घूमकर कबाड़ खरीदने का काम करता था। उसकी हत्या के मामले में पड़ोस में रहने वाले भीखम चेलक का नाम सामने आया है। भीखम के साथ कुछ और आरोपी इस वारदात में शामिल थे। संदेह के आधार पर तीन युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। वहीं भीखम चेलक को फरार बताया जा रहा है ग्रामीणों से चर्चा में यह बात सामने आई है कि भीखम चेलक का देवबलोदा निवासी किसी कबाड़ी के साथ मधुर संबंध है। इसी संबंधों के चलते भीखम ने कमल खुंटे को देवबलोदा निवासी अपने कबाड़ी दोस्त के एरिया में कबाड़ खरीदने जाने से मना करता था। इस बात के चलते कमल का भीखम के साथ पहले भी विवाद हो चुका था। अब जब कमल खुंटे की हत्या हो गई है तो इसे कबाड़ियों के बीच आपसी प्रतिस्पर्धा का नतीजा माना जा रहा है बेटी का चेहरा देखने से पहले आ गई मौत बताया जा रहा है कि मृतक कमल खुंटे की पत्नी को गुरुवार की शाम को लड़की पैदा हुई है। लड़की का चेहरा तक उसने देखा नहीं और देर रात उसकी हत्या हो गई। वह देर शाम को अस्पताल से लौटकर घर आया। घर के पास बेटी होने की खुशी में वह फटाखा फोड़ने लगा। इसी दौरान नजदीक में ही पानठेला चलाने वाले भीखम चेलक से कमल खुंटे का विवाद हो गया। बाद में कमल खुंटे की रक्तरंजित लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई।



## स्कूली बच्चों के साथ अभिभावकों का अनोखा प्रदर्शन

**जशपुर , 11 अगस्त।** जिले में पंडरापाठ क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थल हर्रापाठ में मुख्य सड़क की बदहाली से लोग परेशान हैं. ऐसे में प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने स्कूली बच्चों के साथ अभिभावकों ने सड़क के कीचड़-पानी भरे गड्ढों में धान की रोपाई कर अनोखा विरोध-प्रदर्शन किया. दरअसल, हर्रापाठ से सोनक्यारी तक की 11 किलोमीटर सड़क कई सालों से अधूरी पड़ी है. बरसात के दिनों में स्कूली बच्चों को कीचड़ और पानी के गढ्ढों से आने-जाने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है. इस सड़क का निर्माण के लिए प्रशासनिक अधिकारी और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों का अनेक बार ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ. इसके उलट सड़क की बदहाली अब और बढ़ गई है. सड़क के गड्ढों में बच्चों और उनके अभिभावकों को धान का रोपा लगाते देख वाहन चालक भी अपनी गाड़ियों को खड़ा कर दिए थे. इस सड़क पर बारिश के दिनों में बड़े-बड़े गढ्ढे हो गए हैं. वहीं सोनक्यारी गांव में सड़क दलदल में तब्दील हो गई है, जिसकी वजह से स्थानीय लोगों और राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

## कांग्रेस के 125 कार्यकर्ताओं ने थामा बीजेपी का दामन

**कवर्धा, 11 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है. राजनीतिक गलियारों में सुगबुगाहट तेज होती जा रही है. नेताओं और कार्यकर्ताओं के दल बदल का भी सिलसिला जारी है. कवर्धा जिले में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है. भाजपा जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक अशोक साहू ने सभी को भाजपा सदस्यता दिलाई है. कवर्धा जिले में लगातार कांग्रेस का लोग साथ छोड़ रहे हैं, जिससे पार्टी को एक के बाद एक बड़ा झटका लगते नजर आ रहा है. पंडरिया विधानसभा के ग्राम दशरंगपुर में कांग्रेस के 125 कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है. भाजपा जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक अशोक साहू ने कांग्रेस के 125 कार्यकर्ताओं को भाजपा में सदस्यता दिलाई.

एक नजर



## बीएसपी ने किया डुमरडीह में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भिलाई, 11 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम डुमरडीह में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सामान्य जांच, शुगर, बीपी के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस शिविर में कुल 50 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया, जिसमें 23 पुरुष, 14 महिलाएं तथा 13 बच्चे शामिल थी। मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ ईशा कुजूर, बीपी व शुगर परीक्षण हेतु श्रीमती रेखा देव, फार्मासिस्ट शशि भूषण राय, पंजीकरण हेतु केदारनाथ यादव तथा सीएसआर विभाग से कनिष्ठ स्टाफ सहायक अंजनी कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे। नगर पालिका जामुल क्षेत्र में सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम अंतर्गत कृमि मुक्ति दिवस एवम फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 से 21 अगस्त 2023तक मनाया जा रहा है।।।वार्ड 03 लक्ष्मी पारा *जामुल में वार्ड पार्षद एवम् पूर्व नगर पालिका जामुल अध्यक्ष श्री रेखराम बंछोर* द्वारा दवाई खिला कर उद्घाटन किया गया।इस कार्य को सफल बनाने में वरिष्ठ जन जगदीश देवांगन जामुल स्वास्थ विभाग से टेमन सिंह साहू (आरएचओ), उमा ठाकुर (आरएचओ), चेतना गड़ेवाल( आरएचओ), हितेश्वर दास साहू सीएचओ समस्त पालिका क्षेत्र मितानिन,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एम टी,सुपरवाइजर का ड्यूटी बना कर जुटे हुवे है।। टेमन सिंह साहू (आरएचओ)जामुल ने जानकारी दिया की 10 से 12 अगस्त तक बूथ में लोगो को अल्बेंडाजोल और डीईसी सामने दवाई खिलाया जायेगा तथा 13 से 18 अगस्त तक घर घर जाकर टीम द्वारा दवाई खिलाया जायेगा और 19 से 21 अगस्त तक जो दवाई सेवन से बच जायेंगे उनको खिलाया जायेगा।

## नपा अध्यक्ष ने बंद बोर चालू करवाया



**जामुल।** नगर पालिका जामुल में मुलभुत कार्यों पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है । चाहे वो पानी हो, बिजली हो, सफाई हो संबंधित विभागों को उक्त कार्यों हेतु विशेष निर्देश दिया गया है ।वार्ड क्र. 05 के आम जनता के सुझाव पर नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने दो साल से बंद बड़े बोर को पुनः चालु करवाया । श्री ठाकुर वार्ड में पहुंचकर स्वयं निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को निर्देश कर तत्काल उक्त बोर में मोटर डलवाकर पेयजल व्यवस्था का अतिरिक्त सुविधा वार्ड वासियों के लिए उपलब्ध कराया ।नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने नगर के आम जनता से अपील किया कि मुलभुत सुविधा हेतु आप सभी का सु-हजयाव और सलाह भी आवश्यक है । क्योंकि किसी भी नगर की पहचान उस क्षेत्र के लोगों की जागरूकता से बनता है ताकि नगर में आवश्यक व्यवस्था सुचारू रूप से चलता रहे और लोगों को अपेक्षानुसार प्राथमिक सुविधा मिलता रहे ।उक्त कार्य के दौरान वरिष्ठ नेता लेखराम साहू, गणमान्य नागरिक बंशी साहू, श्री शर्मा, रामरतन, दिनेश कुमार सहित वार्डवासी उपस्थित थे ।

# बजरंग पारा में निगम की टीम ने चलाया डेंगू रोकथाम अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई- चरोदा।** नगर निगम भिलाई- चरोदा क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 बजरंग पारा भिलाई - 03 में घर-घर पहुंच कर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डेंगू के पनपने वाली संभावित जगहों पर दवाई का छिड़काव करने के साथ लोगो को समझाइश देने का कार्य किया है। यहां बता दे कि महापौर निर्मल कोसरे एवं निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार नियमित निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में मौसमी बीमारियों से बचाव को दृष्टिगत रखते हुए कार्यवाही की जा रही है। जिसमें टायर, कूलर, गमले, सिंटेक्स, घर के आंगन तथा आस-पास में उगी झाड़ियों में किसी भी स्थान पर पानी जमा नहीं होने देने की सलाह लोगों को दी जा रही है। इसके अलावा कालोनियों में तथा रिहायशी इलाकों में अगर किसी स्थान पर सड़क पर कोई गड्ढा है जिसमें पानी भरा हुआ है उसे पाटने की कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चंद्राकर ने बताया कि अगर साफ पानी भी किसी कारण एक स्थान पर अधिक समय तक जमा रहे तो उसमे भी मौसमी बीमारी का प्रसार करने वाले कीटाणु और मच्छर पनपने की संभावना रहती है जिससे बचाव का रास्ता केवल सावधानी और सफाई है। इस कार्यवाही में स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम ने डेंगू को रोकथाम के लिए कार्य को अंजाम दिया।

## जब्त किया गया लोहिया का पानी-प्लांट एवं मकान



**भिलाई, 11 अगस्त।** कलेक्टर एवं तहसीलदार के आदेश अनुसार एवं यूको बैंक के द्वारा बृहस्पतिवार को लोहिया के पानी-प्लांट एवं मकान की जब्ती की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में एनफोर्समेंट डायरेक्टर सूर्यकांत यादव, यूको बैंक सिविक सेंटर शाखा से प्राधिकृत अधिकारी सौम्य रंजन साहू, शैलेंद्र शर्मा, सिद्धार्थ दुबे, पटवारी, आर आई एवं माल जमादार एवम राजस्व विभाग का अमला मौजूद था एवं जामुल थाना से चार आरक्षक मौजूद थे। इस कार्रवाई में ऋणी द्वारा लगभग 47 लाख बकाया है एवं पानी का प्लांट एवं मकान को जब्त किया गया। ऋणी का नाम किरण देवी लोहिया, आशीष राज लोहिया निवासी कैलाश नगर कुरूद भिलाई बताया गया।

# शराबबंदी के झूठे वादे का जवाब देंगी महिलाएं कांग्रेस को हराकर:रामकृष्ण



**कवर्धा, 11 अगस्त।** जिलापंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने कांग्रेस सरकार के शराब बंदी के झूठे वादे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की आने वाले विधान सभा चुनाव में युवा मतदाता और महिलाए गांवो में शराब के बढ़ते ग्राफ का जवाब चुनाव में कांग्रेस को हराकर देगी । गांवों और शहरों में युवा , माताएं , बहनी विधान सभा चुनाव का इंतजार कर रही है । युवाओं के भविष्य को शराब बर्बाद कर रही है लेकिन सरकार शराब के सहारे खजाना भर रही है । गांवों में कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण सुंदर आवास किसानों , मजदूर को नही मिल पा रहा है । कवर्धा , पंडरिया सहित छत्तीसगढ़ राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है । जनता ने तय कर लिया है की छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनानी है और कांग्रेस की सरकार को विदा करनी है ।



## सेक्टर-6 पुलिस थाना में किया गया पौधारोपण

**भिलाई, 11 अगस्त।** सेक्टर-6 पुलिस थाने में नए साइबर सुरक्षा की नई शाखा के उद्घाटन के उपलक्ष में आई जी बद्री प्रसाद मीणा एवं एसपी शलभ सिन्हा के सानिध्य में छत्तीसगढ़ योग आयोग की योग प्रशिक्षिका प्राची भट्टाचार्य एवं सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

# पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी को जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 11 अगस्त।** प्रदेश के पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी को जन्मदिन पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। आज सुबह से उनके समर्थक व शुभचिंतक बधाई देने फूल मालाओं और गुलदस्तों के साथ उनके बत्तीस बंगले पहुँच रहे हैं, जहां समर्थकों व शुभचिंतकों से जन्मदिन की बधाई और अभिनन्दन स्वीकार रहे हैं। आज सुबह परिवार के सदस्यों एवं समर्थकों के उन्होंने अपने जन्मदिन पर केक काटा। उन्होंने पूजा अर्चना कर ईश्वर का आशीर्वाद भी प्राप्त किया और समर्थक शुभचिंतकों कार्यकर्ताओं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कुरैशी के 32 बंगले निवास पर युवा कार्यकर्ताओं ने बड़े-बड़े बैनर-पोस्टर लगाए थे और जयकारों के बीच नाश्ते, मिष्ठान्न-केक का वितरण किया गया। शहर में भी राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की फोटो, स्कैचेस एवं लोगो को पूरे देश के शौचालयों, डस्टबीन, मलिन स्थलों से हटाकर सम्मान बढ़ाने वाले संघर्षशील नेता बदरुद्दीन कुरैशी जन्मदिन की बधाई वाले पोस्टर लगाए गए हैं। कुरैशी को दुर्ग जिले के अलावा राजधानी रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, महासमुंद, राजिम, बिलासपुर, व बस्तर संभाग से भी उनके समर्थक बधाई दिए।

# दिनदहाड़े सूने मकान का ताला तोड़ जेवरात व नकदी की चोरी

**भिलाई, 11 अगस्त।** वैशाली नगर थाना अंतर्गत दिन-दहाड़े एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नगदी चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,454 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि रवि दुबे निवासी गुरुनानक नगर मंत्री निकेतन के पीछे निवासरत ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1 अगस्त की सुबह 10 बजे घर में ताला लगाकर काम पर चला गया था। जब शाम 7.30 बजे घर वापस लौटा तो देखा कि घर का ताला खुला है। अंदर जाकर देखा अलमारी में रखे दो कान का ईयरिंग सोने का लगभग 8 ग्राम, मंगलसूत्र चांदी का दो तोला, बिछिया चांदी का चार जोड़ी, चांदी के पैरी, 30 तोला, 4 ग्राम सोने की जेन्टर्स अंगूठी, पायल पट्टी चांदी का 5 तोला, 3 नग नाक की फुल्ली सोने का, तीन सोने के गेहूं दाना, चांदी का चेन लगभग 1.5 तोला, चांदी कडा 10 तोला, 1000 रुपए नगद अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।एक दूसरी घटना में टाउनशिप के सेक्टर-8 में दिनदहाड़े घर में अज्ञात चोर घुसकर बैग में रखे जेवर और मोबाइल को चोरी कर ले गया।

# पीएम स्वनिधि योजना के ऋण का चेक 14 लोगों को दिया गया



भिलाई, 11 अगस्त। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में स्वीकृत 14 हितग्राहियों को ऋण राशि का चेक प्रदान करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स का सम्मान किया गया। निगम सभागार में आयोजित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के कार्यशाला कार्यक्रम में दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कहा की स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा पीएम स्वनिधि योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत भिलाई निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स को चिन्हित कर उनका वेण्डर कार्ड बनाया गया है, इन वेंडरों को अपने व्यवसाय को बढ़ावा देने सरकार द्वारा लोन प्रदान किया जाता है, योजना के तहत अधिक से अधिक वेंडर्स को लाभान्वित करने को लेकर आज एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें भिलाई निगम अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने योजना के बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए निगम के साथ बैंक को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। एनयूएलएम के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह ने बैंक के प्रतिनिधियों से कहा की स्वनिधि योजना के अंतर्गत निगम द्वारा भेजे जा रहे प्रकरणों पर शीघ्रता से कार्य करते हुए लोन प्रक्रिया को जल्द पूरा करे ताकि ज्याद हितग्राही योजन से लाभान्वित हो सके । इस दौरान उपस्थित लीड बैंकर्स के प्रतिनिधियों ने डाक्यूमेंटेशन और लोन प्रोसेस की पूरी जानकारी स्ट्रीट वेंडर्स को दिए।

डिजिटल पेमेंट को बढ़ाने वाले हुए सम्मानित -

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में पीएम स्वनिधि के मिशन मैनेजर नलीनी तनेजा ने बताया कि योजना के तहत लोन लेकर जो वेंडर व्यवसाय कर रहे है, नियमित बैंक का किश्त जमा करते है तथा डिजिटल पेंमेंट को बढ़ावा देने वाले वेंडर्स को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। इसके अलावा तीसरे वर्ष के लिए 50 हजार रू लोन के लिए आवेदन करने वाले 14 हितग्राही वेंडर जिनका लोन बैंक से स्वीकृत हो गया है उनको आज लोन राशि का चेक भी प्रदान किया गया। पीएम स्व निधि के तहत अब तक 11180 स्ट्रीट वेंडर्स को लोन मिल चुका है। योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को पहला लोन 10000 रुपए, द्वितीय लोन 20000 और तीसरा लोन 50000 प्रदान किया जाता है। हितग्राही वेंडर्स से लोन के लिए प्राप्त होने वाले आवेदनों को स्क्रूटनी कर लोन स्वीकृत करने बैंक को भेजा जा रहा है।

# इंदिरा नगर में अवैध संचालित दुकानों पर की कार्रवाई



**भिलाई- चरोदा।** नगर पालिक निगम, भिलाई -चरौदा क्षेत्र के वार्ड क्र. 01 इंदिरा नगर, हथखोज में संचालित अवैध दुकानों पर निगम द्वारा ठेला, गुमटी जब्त करने की कार्यवाही की गयी है।

गुरुवार 10 अगस्त को निगम प्रशासन को मिली शिकायत के आधार पर यह कार्यवाही की गयी है। यहाँ बता दें कि इंदिरा नगर, हथखोज में शराब भट्टी के आसपास अनेक ऐसे दुकानों का संचालन किया जा रहा था, जिसमें पानी - पाउच, डिस्पोजल एवं अन्य सामग्री का विक्रय अवैध रूप से करते पाया गया, जिसके कारण उक्त स्थल पर सदैव नशेड़ियों एवं असामाजिक जनों का जमावड़ा रहता था। इस पर निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार भवनङ्कअनुज्ञा अधिकारी देवेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए अवैध अतिक्रमणों को ध्वस्त करने के साथ ठेले और गुमटी जब्त करने की कार्यवाही की गयी है। कार्यवाही के दौरान उप अभियंता मुकेश रात्रे, समयपाल श्यामता साहू समयपाल भीषम वर्मा, जेसीबी ऑपरेटर एवं सहयोगियों द्वारा कार्य पूर्ण कराया गया।

# भाजपा ने किया नगर पंचायत उतई कार्यालय का घेराव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 11 अगस्त।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के एक मात्र नगर पंचायत उतई में विभिन्न प्रकार की समस्याएं बेहद आम हैं जैसे नगर पंचायत क्षेत्र में नाली व भवन निर्माण,गली सिमेंटीकरण आदि में गुणवत्ताहीन निर्माण,एन.ओ.सी. जारी करने में अनियमितता, पी.एम.आवास निर्माण बेहद ज्यादा लेट लतीफी व अपने खास को ही पहचान कर उन्हें उपकृत किया जा रहा है,।गौठान में पूरी तरह से अव्यवस्थाएं,विगत वर्षों से लंबित उतई बाईपास का कुछ अता पता ही नही,वृहद नलजल योजना में बेतहासा लेट लतीफी, पेयजल की विकराल समस्या गर्मियों में पूरी व्यवस्था का चरमरा जाना,नगर के बीचोंबीच अनियंत्रित व बेलगाम दौड़ते भारी वाहनों की रोकथाम हेतु किए गए चक्का जाम के पश्चात् भी स्थिति जस की तस बनी हुई है,आधार कार्ड अपडेट एवं आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए नगरवासी दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं किंतु स्थानीय प्रशासन के कानों में जूं भी नही रेंग रही। एवं अन्य और भी बहुत सी मूलभूत समस्याओं के निराकरण को लेकर नगर भाजपा उतई एवं भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल के द्वारा घेराव किया गया।और नायाब तहसीलदार ढालसिंह को ज्ञापन सौंपकर मांग पूरी करने की अपील की।इस दौरान प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा,जिला महामंत्री ललित चंद्रकार,पूर्व मंत्री रमशीला साहू,पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू,दुर्ग ग्रामीण विधानसभा प्रभारी गौरीशंकर,श्रीवास,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन,पूर्व भिलाई जिला अध्यक्ष वीरेंद्र साहू,जिला मंत्री रोहित साहू,मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे,महामंत्री सोनू राजपूत,पुकेश चंद्रकार, भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण कुमार यदु,करण सेन,नगर भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू,चंदू देवांगन,रूपनारायण शर्मा,बृजमोहन साहू,पार्षद सतीश चंद्रकार, लकेश देवांगन,हरीश यादव,रोशन सिंह बमभोले,ईशान शर्मा,अमित चंद्रकार,लुकेश देवांगन,फलेंद्र सिंह राजपूत,सोहन रिगरी,भूपेंद्र साहू,आशीष साहू,नरेंद्र साहू,शीतला ठाकुर,लता सोनवानी,सुनीता वर्मा,बिमला,दनेश्वरी देशमुख,अजय चंद्रकार,मानसिंग,अजित चंद्रकार शशि वर्मा,रुषताम नारंग,भगवती विश्कर्मा,पूनमचंद सपहा,विक्की सोनी,नरेन्द्र निर्मलकर,नवीन सिन्हा,मनीष यादव,द्रोण साहू,किशन साहू,सुमित मिश्रा,ठाकुरराम नेताम,तिलक नेताम,किशन धनकर, शुभम यदु,योगेश,भावेश टंडन,चिंटू नोरके,मनीष,नवीन,सोनू, पीलूराम ,गोल्डी साहू,कुणाल,वैभव देवांगन,डुमेश साहू,गुलशन सिन्हा,दिनेश पटेल,दानेश्वर यादव,दौलत यादव,अनूप यादव,सोनू यादव,छबिलाल साहू,सुखीत यादव,सहित अधिक संख्या में भाजपा कार्य

**जामुल।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत शहरी पथ विक्रेता जैसे फल व्यवसायी, सब्जी विक्रेता, अण्डा गुपचुप आदि का व्यवसाय करने वाले नगर पालिका परिषद जामुल के सहयोग से 10000 से 50000 तक ऋण प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री जे पी बंजारे ने बताया कि इस योजना के तहत पथ विक्रेता पहली बार में 10000 का ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

# गृह मंत्री के प्रयास धरातल पर, जल्द बनेंगे 19 सामुदायिक भवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली।** दुर्ग ग्रामीण विधायक व प्रदेश के लोक निर्माण, गृह एवं कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू का प्रयास धरातल पर नजर आ रहा है। रिसाली निगम क्षेत्र में जल्द ही 19 सामुदायिक भवन बनाया जाएगा। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि निर्माण कार्य में 1 करोड़ 90 लाख की राशि खर्च की जाएगी। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने जानकारी दी कि पूर्व में मंत्री जी के विशेष प्रयास से निगम क्षेत्र में सांस्कृतिक भवन बनाने और स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष बनाने शासन ने राशि स्वीकृत की है। निर्माण कार्य के लिए कार्य आदेश भी जारी किया जा चुका है। इसी क्रम में अब 12 वार्ड में सामुदायिक भवन बनाने टेंडर प्रक्रिया की गई है। उन्होंने बताया कि वार्ड भ्रमण के दौरान अलग-अलग समाज प्रमुखों ने वार्डो में भवन बनाने की मांग की थी। दरअसल श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र से लेकर पॉश कालोनी में निगम की भूमि नहीं होने के कारण बड़ा सांस्कृतिक भवन बनाने की योजना अधर में अटकी हुई है। इसे देखते हुए 12 वार्डो में अलग-अलग समाज विशेष के लिए सामुदायिक भवन बनाने प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। जो स्वीकृत हो चुका है। इससे हर वर्ग को लाभ मिलेगा।

### प्रत्येक भवन के लिए 10 लाख

आयुक्त ने बताया कि प्रत्येक सामुदायिक भवन 10 लाख की लागत से बनाया जाएगा। वार्ड 02 रूआबांधा उत्तर दशहरा मैदान के पास, झिरिया तालाब के पास और एस एल आर एम सेंटर के पास सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह वार्ड 7 रिसाली सेक्टर पूर्व में, वार्ड 15 मौहारी मरोदा में शिव हनुमान मंदिर के पास, वार्ड 16 बीआरपी कॉलोनी उचित मूल्य की दुकान के पास, अगुनू राम ठाकुर के घर के पास , वार्ड 19 विजय चोक में आंगन बाड़ी के पास , वार्ड 20 शंकर पारा स्टेशन मरोदा बृजेश सोनी के घर पास , मिनीमता तालाब के पास और हनुमान मंदिर के पास, वार्ड 21 सूर्या नगर आंगनबाड़ी के पास, वार्ड 29 लक्ष्मी नगर रिसाली ऑक्सीजन के बगल, वार्ड 30 इस्पात नगर रिसाली में साई मंदिर परिसर में, वार्ड 31 शहीद किरण देशमुख वार्ड , भूपेश ठाकुर घर के पास, वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व यादव मोहल्ला , वार्ड 39 एन एस पी सी एल पुरैना जागृति चौक और वार्ड 40 पुरैना बस्ती वैष्णव मंदिर के पास सामुदायिक भवन बनाया जाएगा।

# तहसील कार्यालय परिसर में युवक की लाश मिली

**भिलाई ।** भिलाई तीन थाना क्षेत्र एसडीएम एवं तहसीलदार कार्यालय के परिसर में फांसी के फंदे पर एक युवक का शव लटका मिला है। मृतक की पहचान अहिवारा के नजदीक बागडूमर ग्राम पंचायत के पंच सुखीराम रावत पिता सावंत रावत ( 32 वर्ष ) के रूप में हुई है। सुखीराम एक दिन पहले ही गुरुवार को अपने एक साथी पंच के साथ पेशी के सिलसिले में भिलाई तीन के एसडीएम कार्यालय आकर वापस बागडूमर लौट गया था। भिलाई तीन पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है बताया जा रहा को की मृतक सुखीराम रावत अहिवारा विधानसभा के बागडूमर ग्राम पंचायत के वार्ड 13 का पंच है। आज सुबह 8 बजे के आसपास भिलाई 3 के एसडीएम एवं तहसीलदार कार्यालय परिसर में उस वक्त सनसनी फैल गई जब लोगों ने परिसर के बाउण्ड्रीवाल के ऊपर लगे लोहे के सरिया के सहारे एक शव को लटके देखा। जिसके बाद आसपास के लोगों ने तत्काल भिलाई तीन पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पुलिस पहुंची और शव को नीचे उतारा गया। मृतक की पहचान बागडूमर के पंच सुखीराम रावत के रूप में की गई। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया बताया जाता है कि सुखीराम रावत अपने साथी पंच गोवर्धन टंडन के साथ गुरुवार को एसडीएम कार्यालय में पेशी पर आया था। इसके बाद वे लौट गए थे। बाद में सुखीराम यादव वापस कब और कैसे यहां पहुंचा यह सवाल बना हुआ है। उसने आत्महत्या की या हत्या यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि मृतक का धारा 40 के तहत एसडीएम कार्यालय में पेशी चल रही थी। फंदे पर शव मिलने की सूचना मिली थी मौके पर हम लोग गए थे। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार वालों और संबंधित लोगों का बयान लेने के बाद ही स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

## एक्टिवा में अज्ञात तत्व ने लगाई आग

**भिलाई ।** भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि हास्पिटल सेक्टर के सड़क 11 ब्लाक 10 निवासी की टी.प्रभा (25 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रतिदिन की भांति अपनी वाहन एक्टीवा को क्वार्टर के नीचे पड़ोसी के बाउंड्री के अंदर खड़ी की थी।

रात डेढ़ बजे कुछ जलने की रोशनी और बदबू आने उनके पड़ोसी ने उठकर देखा तो गाड़ी जल रही थी। सभी मिलकर पानी डालकर बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वाहन बुरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो गया था

## एक नजर

### सोहन साहू बने युवा मोर्चा छुरिया के मंडल अध्यक्ष



**छुरिया 11 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष द्वारा युवा मोर्चा की कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमे सोहन साहु को युवा मोर्चा मंडल छुरिया का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सोहन साहू शुरू भारतीय जनता पार्टी मे सक्रिय रूप से हर कार्यक्रम में आगे रहते है। इससे पूर्व व युवा मोर्चा में मंडल के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य कर पार्टी के हर कार्यक्रम में अपनी अहम भूमिका निभाये थे।इसी कारण आगामी चुनाव को देखते हुए उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन्हें नवीन दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही युवा मोर्चा के नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष सोहन साहू ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व व वरिष्ठ नेताओ का आभार व्यक्त किया है।

### पुलिस चौकी में आंवले के पौधे लगाए



**राजनांदगांव 11 अगस्त।** जनपद पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुरगी पुलिस चौकी में क्षेत्रीय जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव जनपद प्रतिनिधि विजय साहू ने विश्व आदिवासी दिवस अवसर पर आंवला पौधा रोपण कर एवं पेड़ पौधा देख भाल करने जिम्मेदारी उठाया साथ में चौकी आरक्षण लोग उपस्थित रहा छत्तीसगढ़ आदीवासी समाज क्षेत्र है जल जंगल जमीन से लेकर आज आदिवासी छत्तीसगढ़ बनने बहुत बड़ी योगदान है छत्तीसगढ़ को साकार करने में आदिवासी लोगों बहु मुल्य योगदान रहा है।

### विश्व आदिवासी दिवस मनाया



**बेलगांव 11 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर डोंगरगढ़ विकासखंड में आने वाले आयुर्वेदिक ग्राम बेलगांव में सर्व आदिवासी समाज का कार्यक्रम का आयोजित किया गया जिसमे समाज के युवा युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए तत्पश्चात लगभग आदिवासी समाज को एकता को दिखाते हुए ग्राम में रैली निकाली गई जिसे पूरे गांव में भ्रमण कराया गया जिसका ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया और रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया उक्त अवसर पर अतिथियों के रूप में ग्राम सरपंच छबीलराम साहु जी,भाजपा ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ अध्यक्ष जैन मेश्राम जी,अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र गेंडरे जी,धर्मचंद वर्मा जी एवम मुरली गेडाम जी उपस्थित थे। इस अवसर पर समाज के गिरधारी राम कंवर जी,रजलाल कंवर,नेतराम कंवर,गेंदलाल कंवर, रामसिग कंवर,द्वारका कंवर,डूमर कंवर,इतवारी कंवर,रघुनंदन कंवर,प्रदीप चंद्रवंशी,रूपेश कंवर,योगेश कंवर,परमेश्वर कंवर,परमानंद कंवर,हेमंत कंवर, रूपा बाई कंवर , हेमकुमारी कंवर , कुवंरिया बाई कंवर सती बाई कंवर ,मीना बाई कंवर प्रीति कंवर, मोनिका कंवर ,करीना कंवर पूनम कंवर ,उदासा बाई कंवर ,गोदावरी कंवर राजेश्वरी कंवर ,चंद्रिका कंवर ओमेश्वरी कंवर ,सहित हजारों की संख्या में समाज के महिला ,पुरुष युवक युवतियां उपस्थित थे।

### मॉक ड्रिल कर बताया गया कि बाढ़ में लोगों को कैसे बचाया जाए

**धमतरी 11 अगस्त।** कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशन में आज एनडीआर एफ, नगर सेना एवं राज्य प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा दोपहर 12 बजे से डेढ़ बजे तक गंगरेल बांध में मॉक ड्रिल के जरिए बाढ़ से बचाव के तरीके बताए गए। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से एनडीआरएफ की टीम जिले के विभिन्न स्कूलों में आपदा संबंधी प्रशिक्षण दे रही है। इसी कड़ी में आज गंगरेल बांध में मॉक ड्रिल कर स्पीड बोट, लाईफ जैकेट एवं अन्य आधुनिक उपकरणों से बाढ़ से बचाव का संयुक्त अभ्यास किया गया। इस दौरान टीम द्वारा डूबे हुए व्यक्ति के फेफड़ों से पानी निकालने की विधि, सीपीआर, घर में पड़े हुए अनुपयोगी वस्तुओं से फ्लोटिंग डिवाइस बनाकर पानी में तैरने की विधि सिखाई गई।

# मुख्यमंत्री ने 93.61 करोड़ रुपए की लागत के 112 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम डुमरडीहकला में आयोजित किसान-मजदूर सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारे लाल सिंह की जीवनी पर आधारित त्यागमूर्ति स्मृति पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने किसान-मजदूर सम्मेलन कार्यक्रम में 93 करोड़ 61 लाख 75 हजार रूपए की लागत के 112 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें 57 करोड़ 37 लाख 78 हजार रूपए की लागत के 98 विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 36 करोड़ 23 लाख 97 हजार रूपए की लागत के 14 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा शासन की संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 538 हितग्राहियों को 1 करोड़ 16 लाख 15 हजार रूपए की सामग्री का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत विभाग के अंतर्गत 1 करोड़ 91 लाख रूपए की लागत के 71 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसी तरह कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग राजनांदगांव के अंतर्गत 20 करोड़ 91 लाख 52 हजार रूपए की लागत के 2 विकास कार्य, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के अंतर्गत 40 लाख 40 हजार रूपए की लागत के 2 विकास कार्य, सीजीएमएससी राजनांदगांव अंतर्गत 6 करोड़ 86 लाख 84 हजार रूपए की लागत के 16 विकास कार्य तथा कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 27 करोड़ 28 लाख 2 हजार रूपए की लागत के 7 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 25 लाख 86 हजार रूपए की लागत के 4 विकास कार्यों, कार्यपालन अभियंता सेतु निर्माण राजनांदगांव अंतर्गत 23 करोड़ 61 लाख 27 हजार रूपए की लागत के 4 विकास कार्य, सीजीएमएससी राजनांदगांव अंतर्गत 1 करोड़ 76 लाख 64 हजार रूपए की लागत के 5 विकास कार्य एवं कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 10 करोड़ 60 लाख 20 हजार रूपए की लागत के 1 विकास कार्य का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मछली पालन विभाग अंतर्गत 4 हितग्राहियों को 32 हजार रूपए के आईस बाक्स व मछली जाल, कृषि विभाग के 6 हितग्राहियों को 63 हजार 933 रूपए की लागत के बैटरी स्प्रेयर, पावर स्प्रेयर, विद्युत पंप तथा डीजल पंप वितरण किया।

# लंबे समय से फरार स्थायी वारंटी को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 अगस्त।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन मे जिले में लंबित स्थायी वारंटो की तामिली हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली द्वारा गठित टीम मुखबीर लगाकर वारंटियों की लगातार पता तलाश किया जा रहा था कि इसी क्रम में आज दिनांक 10.08.2023 को थाना कोतवाली के टीम रायपुर पहुँचकर मुखबीर की सूचना पर लंबे समय से फरार स्थायी वारंटी राहुल देवांगन पिता ईश्वर देवांगन उम्र 20 साल निवासी डबरापारा सरोना थाना टाटीबंध लोकेश किराना दुकान के पास रायपुर जिला रायपुर को गिरफ्तार किया गया।आरोपी वारंटी के खिलाफ माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला राजनांदगॉव प्रकरण क्रंमांक 1600/21 अप0क्र 263/21 धारा 457,380,34 भादवि0 शासन विरूद्ध राहुल देवांगन वगैरह, प्रकरण क्रं 1521/21 अप क्र0 294/21 धारा 457,380,34 भादवि0 शासन विरूद्ध सरजू राम हलदर एवं प्रकरण क्रं 1550/21 अप क्र0 311/21 धारा 401 भादवि0 शासन विरूद्ध राहुल देवांगन के मामले में 03 स्थायी वारंट जारी हुआ था जो आरोपी वारंटी लंबे समय से फरार रहने के कारण तामिली नही हो पा रहा था। आरोपी स्थायी वारंटी राहुल देवांगन पिता ईश्वर देवांगन उम्र 20 साल निवासी डबरापारा सरोना थाना टाटीबंध लोकेश किराना दुकान के पास रायपुर जिला रायपुर को मय वारंट के न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, प्र0आर0 जी सीरिल, आर0 अविनाश झा, प्रख्यात जैन, कुश बघेल, देवानंद परतेती, भेष कुमार ध्रुव एंव थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# आदिवासियों को उनका हक दिला रही भूपेश सरकार:कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 अगस्त।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस संपूर्ण आदिवासी समाज के साथ खड़ा है और उनके गौरव को अक्षुण्ण बनाए रखने का सदैव पक्षधर रहा है। विश्व आदिवासी के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में रेवाडीह वार्ड में आदिवासी समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान कर वार्ड में विशाल मशाल जुलूस निकालकर एकता का परिचय दिया गया एवं आदिवासी समाज प्रमुखों के साथ रात्रि भोज का आयोजन किया गया। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रेवाडीह वार्ड में आदिवासी समाज के वरिष्ठजनों का तिलक लगाकर श्रीफल से सम्मानित कर वृद्धजनों का आर्शीवाद लेकर समाज प्रमुखों को अमित चंद्रवंशी द्वारा आदिवासी संस्कृति और पर्यावरण संरक्षा का बढ़ावा देने के लिए शपथ दिलाई गई। तदोपरांत बुढ़ादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर वीरांगना रानी अवंतीबाई की आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण कर मशाल जुलूस निकाली गई जो पूरे वार्ड का भ्रमण करते हुए वापस बूढ़ादेव मंदिर में मशाल जुलूस का समापन हुआ। नेतृत्वकर्ता शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने विश्व आदिवासी दिवस की बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की आजादी के लिए क्रांति में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने वाले शहीद वीर नारायण सिंह व शहीदों को मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

**समाज के इन लोगों का हुआ सम्मान :** इस अवसर पर ईशर बैगा, बंशीलाल नेताम, चरण कोमरे, हेमलाल मंडावी, अमरसिंह ठाकुर, सेवक ओटो, पदुम, रानू मंडावी सहित बहुत से लोगों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के दौरान वार्ड पार्षद गामेन्द्र नेताम, जितेन्द्र कौशिक की सक्रियता रही। इस दौरान प्रमुख रूप से छग अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान, छग गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष मन्ना यादव, छग खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, सविता ठाकुर, महामंत्री झम्मन देवांगन, महेन्द्र शर्मा, हनी ग्रेवाल, अशोक फडनवीस, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष गेमू कुंजाम, अतुल शर्मा, सुनीता सिन्हा, विशु अजमानी, डा.कुमार, मुस्तफा जोया, पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, चंद्रकला देवांगन, मनीष साहू, महेश साहू, अभिमन्यु मिश्रा, सुरेन्द्र देवांगन, संदीप जायसवाल, राजू मंडावी, भैरव सिन्हा, तोरण सिन्हा, छन्नू यादव, मदन, इंशाक, उमेश राजपूत, सोनूराम, थानेश श्रीवास, कमल उके, मनोज कोमरे, खेमलाल मंडावी, बिहारी मंडावी, संतोष, सुभाष नेताम, सेवकराम, सुकालू, शंकर श्रीवास, कमल उके, झाडूराम, मानिक कोमरे, तीरथ, जय, राजेश, राजू, पदुमलाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन व वार्डवासी शामिल हुए।

## अवैध शराब बिक्री करने वाले पर लालबाग पुलिस की कार्रवाई



**राजनांदगांव 11 अगस्त।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीना के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री लखन पटले के मार्गदर्शन पर नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के पर्यवेक्षण में लालबाग थाना क्षेत्र में अवैध शराब विक्रय/परिवहन पर कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष भुआर्य के नेतृत्व में लालबाग पुलिस के द्वारा दिनांक 10/08/2023 को मुखबिर सूचना पर ग्राम पेंड्री तालाब के पास आरोपी आशीष पड़ौती पिता स्व0 श्री अशोक पड़ौती उम्र 28 साल साकिन पेंड्री थाना लालबाग को अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु कब्जे में रखना पाए जाने पर आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी प्लेनशराब कीमती 2560/रुपये एवम बिक्री रकम 250/रुपये जप्त किया गया आरोपी द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री/कब्जे में पाए जाने पर आरोपी के विरूध्द थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 298/23, धारा 34 ( 2 ) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में स0 उ0 नि0 चंपेश ठाकुर स 0उ 0नि 0राजू मेश्राम आर0 राकेश ठावरे राजेश श्रीवास्तव भूमिका सराहनीय रहा।

## सिमगा एसडीएम ने ली आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए बैठक ली



**सिमगा 11 अगस्त।** आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही बरतने वाले व्हीएलई की आईडी निरस्त की है। आज सिमगा जनपद पंचायत के सभाकक्ष में एसडीएम अमित कुमार गुप्ता द्वारा व्हीएलई की बैठक आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में मैराथन बैठक ली गई। बैठक में आगामी तीन दिवस में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु मेगा ड्राईव चलाकर छुटे हुए लोगों के अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये दिशा निर्देश दिये, साथ ही साथ जो भी व्हीएलई अनुपस्थित रहे एवं कार्यो में लापरवाही बरतने पर उनकी आईडी समाप्त करने हेतु प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया, जाकर उनको पृथक करने की बात कहीं इस बैठक में विशेष रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे, विनय मिश्रा, अंकित सिंह, बीएमओ पारस पटले, सीएमओ यशवंत वर्मा उपस्थित थे।

## जेहादी आतंकवाद पुतला का दहन



**डोंगरगढ़ 11 अगस्त।** सर्व हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं ने गोल बजार में जेहादी आतंकवाद पुतला का दहन कर मेवात के मुहुं में कावडियो व शिवभक्तो पर हमले की घटना को कायराना व शर्मनाक बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। डोंगरगढ़ से विश्व हिंदू परिषद, हनुमान भक्त समिती व सनातन जागृति सेवा संस्थान के सदस्यों के द्वारा पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत गोल बाजार के फौव्वारा चौक पर एकत्रित हो जेहादी आतंकवादियों के खिलाफ नारेबाजी कर आतंकवाद का पुतला दहन किया गया! इस अवसर पर विश्व हिंदु परिषद के जिलाध्यक्ष तरुण हत्थेल ने मीडिया को बताया कि मुहु में जो निहत्थे कावडियो पर जेहादी आतंकवादियों ने हमला किया है वो बेहद ही कायराना पूर्वक हरकत है जिसे हम हिंदुस्तान के लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे मैं चैनल और समाचार पत्र से उन आतंकियो को बताना चाहता हूँ कि हमारा देश सविधान से चलता है और सभी अपने धर्म का प्रचार प्रसार कर सकते है परंतु हिंदु धर्म को टार्गेट कर हिंदुओ की भावना को आहत किया गया है जिसकी पुनरावृत्ति ना हो नहीं तो ऐसी विचारधारा रखने वालो को देश में कुचल कर रख दिया जायेगा। पुतला दहन के अवसर पर सर्व हिंदु समाज से तरुण हथेल, रामआसरे सिंह, हनी गुप्ता, बालमुकुंद तराने, चाँद महानंद, दिलीप सेन, हेमंत मड़ावी, लक्ष्मी पांडे, जीतेन्द्र राजपूत, गीतेश मालेकर, ऋषभ डाकहा,शुभम गवली, पुष्प तराने, वरुण अग्रवाल , मनीष समुंद्र , सूरज समुंद्रे, हेमंत मांडवी, जितेंद्र राजपूत, अभिषेक साहू, जयंत साहू, योगेश कंडरा, हेमंत सिंह, चांद महानंद, लक्ष्मण पांडे उपस्थित रहे।

### पुरेना में 2 लाख का सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**अंवरी 11 अगस्त।** ग्राम पंचायत कुम्हारी के आश्रित ग्राम पुरेना में जनपद सभापति परमेश्वरी साहू के प्रयास से जनपद निधि से 2 लाख के मेन रोड से लिमाही तालाब पहुंच मार्ग का भूमि पूजन किया गया जिसमें जनपद सभापति प्रतिनिधि महेंद्र साहू, सरपंच मनोज टंडन, पन्ना साहू, सुखलाल टंडन ,प्यारेलाल कुर्रे उप सरपंच ,रवि आदि मौजूद थे।

# मड़ियान जलाशय से सिंचाई के लिए पानी छोड़ने सौंपा ज्ञापन

■ बारिश रुकने से खेत सूख रहे हैं तत्काल जलाशय का पानी छोड़ा जाए - हेमलाल वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 11 अगस्त।** पहला साव महिने में लगातार बारिश देखने को मिला लेकिन दुसरे सावन लगने के बाद 10 दिनों से अच्छी बारिश नहीं हई है जिससे किसानों के खेत सुख रहें हैं। लाल बहादुर नगर क्षेत्र के किसानों की समास्याओं को देखते हुए क्षेत्र के भाजपा किसान नेता एवं ग्राम पंचायत मक्काटोला, हीरापुर के प्रधान हेमलाल वर्मा ने मड़ियान जलाशय का पानी क्षेत्र के 13 गांव के किसानों के सिंचाई के लिए खोलने अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उप संभाग डोंगरगढ़ को ज्ञापन सौंपकर निवेदन किया। हेमलाल वर्मा ने बताया कि? क्षेत्र में किसानी कार्य जोरो पर है रोपाई का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और अभी बियासी एवं धान चलाई का कार्य प्रगति पर है लेकिन कुछ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेत सुख रहे हैं और अभी फसल को पानी की आवश्यकता है अगर सिंचाई समय पर नहीं हुआ तो किसानों के फसल को भारी नुक़सान हो सकता। इसलिए मड़ियान जलाशय का पानी तुरंत सिंचाई के लिए छोड़ने की आवश्यकता है। हेमलाल वर्मा ने बताया कि यह मड़ियान जलाशय से लाल बहादुर नगर, ठाकुरटोला, सेंदरी, बरमपुर ,खुबाटोला, मक्काटोला, हीरापुर, रामाटोला, नरसिंगपुर, धनडोंगरी, मानिकपुर, झंडातलाव, मोतीपुर, गोविंदपुर एवं भरकाटोला में सिंचाई व्यवस्था किया जाता है। ज्ञापन को स्वीकार करते हुए विभाग ने आश्वासन दिया है कि एक दो दिन में जलाशय का पानी सिंचाई के लिए खोल दिया जाएगा।

## जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष किरण वैष्णव ने बूथ अध्यक्षों की बैठक ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 11 अगस्त।** जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव छुरिया के तीनों बुथ के अध्यक्षो की बैठक ली, छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में छुरिया नगर के तीनों बुथो के अध्यक्षो की बैठक ली, श्रीमती वैष्णव ने बैठक में बताया कि बुथ अध्यक्ष अपनी पूरी टीम के साथ कार्य कर चुनाव जिताने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। आज साढ़े चार वर्ष में छत्तीसगढ़ की जनता भूपेश बघेल की मायावीय सरकार से तस्त्र हो चुकी है। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि बुथ अध्यक्ष अपने पूरी टीम के साथ अपने अपने बुथो में जाकर कांग्रेस सरकार की विफलताओं का जनता तक पहुंचाये। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है। निश्चित रूप से हमारे एक एक कार्यकर्ता भूपेश बघेल की सरकार को छत्तीसगढ़ से उखाड़ फेंकने में अपनी अहम भूमिका निभाने तैयार है।मेरा बूथ सबसे मजबूत के लक्ष्य के साथ कार्य कर हम इस बार खुज्जी में भाजपा का कमल खिलायेंगे व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनायेंगे। इस अवसर पर बुथ अध्यक्ष रोहित सिन्हा,बुथ अध्यक्ष अशोक मालेकर, पार्षद सीमा यादव, पार्षद योगेश्वर पटेल, पार्षद रमेश कश्यप, भाजपा मंडल मंत्री संगीता यादव, लक्ष्मी यादव, ,सोनु कसेर,नाथु रजक उपस्थित थे।



# पुलिस ने दुकान में छापा मारकर 32 पौवा शराब जब्त की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 11 अगस्त।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 10.08.2023 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति कन्हारपुरी सी.आई.टी मोड़ कन्हारपुरी चिकन दुकान में अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब रखा है कि सूचना पर तत्काल पुलिस पार्टी को मौके पर रवाना कर घेराबंदी कर पकडा गया नाम पता पुछने पर अपना नाम कोमल विश्वकर्मा पिता स्व0 तुलसीराम विश्वकर्मा निवासी वार्ड न0 34 कन्हारपुरी राजनांदगॉव ( छ0ग0 ) बताया जिसके कब्जे से पेश करने पर दो सफेद बोरी के अंदर रखे 32 पौवा गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब प्रत्येक पौवा में 180 एम.एल भरा हुआ जुमला 5.760 बल्क लीटर कीमती 3840 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। शराब रखने बेचने के संबंध वैध कागजात की मांग करने पर नही होना बताया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध सबूत पाये जाने से अपराध क्रंमाक 506/23 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर हिरासत मे लिया गया जिसे ज्यूडिशियल रिमांण्ड पर पेश किया जावेगा। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू प्र0आर0 संदीप चैहान, दीपक जायसवाल, आर0 विष्णु साहू, लोकेश साहू एंव थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# मच्छर उन्मूलन के लिये निगम कर रहा साफ-सफाई के साथ दवा छिड़काव एवं फागिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 अगस्त।** स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने एवं बदलते मौसम में मच्छरों के प्रकोप को देखते हुये नगर निगम द्वारा साफ सफाई में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा वार्डो में दवा का छिडकाव कर फागिंग किया जा रहा है। इस संबंध में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता द्वारा सफाई में सुधार लाने तथा मौसमी बीमारी से बचाने नियमित रूप से दवा का छिडकाव, फागिंग स्प्रे आदि कार्य करने आवश्यक दिशा निर्देश दिया जा रहा है।

महापौर श्रीमती देशमुख एंव आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश एवं मार्गदर्शन पर नगर निगम का स्वास्थ्य अमला प्रतिदिन सडको एवं गलियों की साफ सफाई कर नालियों की सफाई कर कचरा उठाने का कार्य कर रहे है तथा नलो, हैण्ड पंपों के आस पास एवं तालाब पार की साफ सफाई कर दवाईयों का छिडकाव किया जा रहा है। गड्ढे एवं पानी भरे स्थानों पर जला आईल व दवा का छिडकाव किया जा रहा है, ताकि मच्छर न पनप सके। साथ ही वार्डो में शाम को फागिंग किया जा रहा है। इसके अलावा सफाई में लापरवाही एवं अनुपस्थित कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। स्वच्छता की कडी में स्वच्छता दीदीया घर घर कचरा संग्रहण कर एसएलआरएम सेन्टर में कचरा पृथककरण की कार्यवाही प्रतिदिन कर रहे है, घरो में ही कचरा पृथक करने समझाईस देने के साथ साथ स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक भी कर रहे है। वर्तमान में बदले मौसम पर मच्छर के बढते प्रकोप को देखते हुये प्रतिदिन शाम को फागिंग किया जा रहा है। इसके अलावा होटलो, खोमचों एवं फल-सब्जी व्यवसायियों से अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई करने,खाद्य सामाग्री को ढककर रखने ताजा खाद्य सामाग्री का विक्रय करने एवं प्लास्टिक कैरी बैग उपयोग नहीं करने की अपील की जा रही है, अपालन पर कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार सडक के किनारे कचरा फैलाने तथा रेती गिट्टी आदि मटेरियल रखने पर संबंधित के विरूद्ध अर्थदण्ड की कार्यवाही भी की जा रही है।

महापौर श्रीमती हेमा देशमुख एंव आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि साफ सफाई रखे स्वच्छता अपनाये ताजे खाद्य पदार्थो का सेवन करे, पानी छानकर व उबालकर पीये, घर में या घर के आस पास पानी एकत्रित न होने दे, एकत्रित पानी में मच्छर पनपता है।

इसके अलावा झिल्ली पन्नी का उपयोग न करे, इसके स्थान पर कपड़े का थैला उपयोग करे। साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ वातावरण के लिये घर के आंगन व खुले स्थान तथा घर के आस पास रिक्त भूमि में पौधे लगाने अपील किये।

## संपादकीय

# और प्रभावी हो सकता था

संसद में इन दिनों मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा चल रही है। पहले तो कहा गया कि विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी संसद में अविश्वास प्रस्ताव चर्चा की शुरुआत करेंगे। किसी वजह से राहुल गांधी ने पहले दिन अविश्वास प्रसताव पर चर्चा की शुरुआत नहीं की। दूसरे दिन उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव की चर्चा में भाग लिया। उनका लुक, उनकी बाडी लैंग्वेज पहले से बेहतर लग रहा था। उन्होने 37 मिनट तक अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने जो कुछ कहा वह प्रभावी रहा। उन्होंने खुद कहा कि वह दिमागे से नहीं दिले से बोल रहे हैं। इसलिए वह आवेश में दिखे और भावुक भी दिखे। मणिपुर की हिंसा पर उन्होंने जिन शब्दों में अपन दुख को व्यक्त करने की कोशिश की। वह शब्द उपयुक्त नहीं लगते है। यह उनकी हमेशा से कमजोरी है कि वह अपने दुख,पीड़ा व विचार को व्यक्त करने के लिए सही शब्दो का चयन आज भी नहीं कर पाते हैं। वह अपनी इस कमजोरी को दूर नहीं कर पा रहे हैं। यह उनकी बड़ी असफलता मानी जाती है। उनके आलोचन उनके शब्दों को पकड़तें और कहते है कि देखो यहां राहुल गांधी ने फिर गलती कर दी, फिर चूक कर दी। राहुल गांधी को समझने की जरूरत है कि बहुत से लोग तो इस ताक में रहते है कि वह कोई गलती करें और उन्हें मौका मिले। राहुल गांधी वही भाषागत गलती करते हैं। संसंद में उन्हें यह कहने की जरूरत नहीं थी कि सरकार या भाजपा ने मणिपुर में भारत माता की हत्या की है। यह नहीं कह कर भी वह वह मणिपुर हिंसा पर अपनी बात आसानी से कह सकते थे। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत और बेहतर कर सकते थे, जब वह मणिपुर पर अविश्वास प्रस्ताव पर बोल रहे हैं तो उसकी शुरुआत कम से कम अडानी से तो नहीं होनी चाहिए थी वह मणिपुर से अपने चर्चा की शुरुआत करते तो और अच्छा होता। यही नहीं राहुल गांधी ने अपने भाषण का अंत भी अडानी व मोदी से किया। यह भी उनकी बड़ी चूक मानी जा रही है। जब मणिपुर पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर बोलना है तो उन्हे सबसे ज्यादा आंकडों, तथ्यों के आधार पर मणिपुर पर ही ज्यादा बोलना था उनके पास मणिपुर पर बोलने के लिए फैक्ट नही था, इसलिए वह अपने 37 मिनट के भाषण में 15 मिनट ही मणिपुर पर बोले। बाईस मिनट अडानी,भारत जोड़ो यात्रा पर बोले। अडानी व भारत जोड़ो यात्रा पर ज्यादा बोलने की जरूरत नहीं थी।भारत जोड़ो यात्रा को समाप्त हुए कई महीने हो चुके हैं लेकिन राहुल गांधी उसके सम्मोहन से मुक्त नहीं हो पाए हैं। उनके आसपास के लोगों ने उनके दिलो दिमागमे भर दिया है कि भारत जोड़ो उनके जीवन की सबसे बड़ी उपब्धि है। वह जहां बोलने का मौका मिलता है भारत जोड़ो यात्रा पर बोलने का मौका नहीं चूकते हैं। जब उन्हे मालूम है कि भारत जोड़ो यात्रा उनकी जिंदगी का महान काम है तो कम से कम उन्हें भारत जोड़ो यात्रा के विषय में यह तो नहीं कहना चाहिए कि जब उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की तो उन्हें खुद पता नहीं था इस यात्रा का मकसद क्या है, वह यह यात्रा क्यों कर रहे हैं। उन्होने अपने संसद के भाषण में यह भी स्वीकारा कि वह अहंकारी थे। वह जब यह स्वीकारते हैं तो वह भूल जाते हैं कि उनकी इस बात का उपयोग विरोधी यही साबित करने में करेंगे कि राहुल गांधी अहंकारी थे, इसलिए कई लोगों ने कांग्रेस छोड़ी। कांग्रेस नेता उन्हें शेर कहते हैं, वह अपने संसद के भाषण में स्वीकारते हैं कि वह तो भेड़िया थे, वह चीटी हो गए। राहुल गांधी अब सिर्फ कांग्रेस के ही नेता नही है, वह विपक्षी मोर्चा के नेता है, उनका मुकाबला नरेंद्र मोदी से है इसलिए उन्हें दिखाना होगा कि वह मैदान से भागने वाले नहीं है। संसद में भाषण के तुरंत बाद वह चले गए,इसका भी बुरा असर जनमानस पड़ा कि यह कैसा नेता है जो अपनी बात कहक चल देता है। दूसरों को नहीं सुनती है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आएगा। आपको भाग्य का सहयोग मिलेगा। आपके सभी काम अच्छी तरह पूरे होंगे। आप किसी क्षेत्र में कुछ ऐसा करेंगे, जिससे आपको भरपूर मान-सम्मान मिलेगा। आप कहीं यात्रा पर जाएंगे जो आपके व्यापार के लिए काफी लाभदायक साबित होगा। साथ ही आपके लिए धन लाभ होने की संभावना बढ़ेगी। आप शाम के समय अपने परिवार के साथ समय बिताएंगे और उनकी बातें सुनेंगे।

वृष राशिःआज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आप अपनी मेहनत से अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहेंगे। आपको एक से ज्यादा माध्यमों से धन प्राप्ति के योग बनेंगे। आपका व्यवसाय बढ़ेगा। वैवाहिक रिश्ते में सुधार की संभावना बढ़ेगी। संतान के करियर में अच्छे परिणाम सुनने को मिलेंगे। इस दौरान आपके कुछ खर्चे भी होंगे। ये खर्चे धार्मिक या किसी शुभ कार्य पर भी हो सकते हैं। कुछ खर्चे आपको न चाहते हुए भी करने पड़ेंगे।

मिथुन राशिःआज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने निजी जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे। आप अपने अधूरे कामों को पूरा करेंगे। आपका मन आज धार्मिक क्रिया कलापों में रहेगा। आपके पारिवारिक जीवन में खुशियां रहेंगी। कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका अपने काम पर विश्वास बढ़ेगा और आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

कर्क राशिःआज आपका दिन लकी रहेगा। आप उन योजनाओं पर काम करेंगे जो आपकी व्यापार को बढ़ाने में कारगर सिद्ध होंगी। आपकी आमदनी बढ़ेगी। इस दौरान किसी तरह का बड़ा निवेश करने से आपको बचना चाहिए। दांपत्य जीवन में चल रही अनबन की स्थिति आज सामान्य होगी। आप अपने माता-पिता के साथ किसी दर्शनीय स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं। इस राशि के लोगों को सरकारी क्षेत्र से लाभ के योग बने हुए है।

सिंह राशिःआज आप अच्छा समय बिताएंगे। आप अपनी मेहनत और काबिलियत के बल पर कार्यक्षेत्र में बहुत कुछ प्राप्त कर सकते हैं। अपना शत प्रतिशत योगदान देने की कोशिश करेंगे जिससे आपका करियर मजबूत होगा। आपकी शिक्षा में उत्तम परिणाम मिलने के योग है। इस दौरान कार्यक्षेत्र में धन लाभ के प्रबल योग बनेंगे। लवमेट्स के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। एक दूसरे के प्रति मधुर भावना का विकास होगा। साथ में कहीं घूमने जाएंगे।

कन्या राशिःआपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आप अपने व्यापार में नई प्रगति करेंगे। कोई नई डील करने के पहले अच्छी तरह देख समझ लें। यदि आप सरकारी जॉब में हैं, तो आपको सरकारी मकान मिल सकता है। जिससे आपकी रहने की समस्या दूर होगी। अचानक धन प्राप्ति की संभावना बनेगी। आमदनी बढ़ाने के लिए आप प्रयासरत रहेंगे। आप अपने स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति सावधानी बरतें।

तुला राशिःआपका दिन उत्तम रहेगा। कार्यक्षेत्र में बदलाव के साथ अच्छी सफलता मिलने की संभावना है। आप नौकरी की तलाश में हैं तो आपको आज कोई अच्छी खबर मिलेगी। जिससे आप बहुत खुश होंगे। अपनी तैयारी पर फोकस करेंगे। आपकी आमदनी इस दौरान बढ़िया रहेगी। साथ ही आपके खर्चे भी बढ़ेंगे। आपके पारिवारिक जीवन में आपसी प्रेम बना रहेगा। व्यापारियों को अपने व्यापार को बढ़ाने का मौका मिलेगा। लेकिन आज आप पर काम का प्रेशर बना रहेगा।

वृश्चिक राशिः

आज का दिन आपके के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। बिजनेस में आज आपको उत्तम सफलता मिलेगी। संतान की ओर से आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। इसपर आपको गर्व महसूस होगा। छात्रों को मेहनत के अनुकूल परिणाम मिलेंगे। आपका पढ़ाई में मन लगेगा। नौकरी बदलना चाहते हैं तो समय अनुकूल है। कोई बात आपके माइन्ड में चलती रहेगी।

धनु राशिःआज आपका दिन अच्छा रहेगा। कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए है। यह आपके व्यापार से रिलेटेड भी हो सकता है। आपकी मेहनत रंग लाएगी। नौकरी के क्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपके कलीग्स भी आपकी सहायता करेंगे। आपकी सैलरी बढ़ सकती हैं। आप अपने बेवजह के खर्चों पर काबू रखें, नहीं तो आपका बजट बिगड़ सकता है। आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। आप इस दौरान संतान के करियर को लेकर सतर्क रहेंगे।

मकर राशिःआपके लिए आज का दिन रोज से बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छे अवसर मिलेंगे। आपके वैवाहिक जीवन में खुशियां आएंगी। परिवार में कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है। ऑफिस में आपका दिन शानदार रहने वाला है। अपने घर में रेनोवेशन का कार्य कराएंगे, जिसका असर आप की आर्थिक स्थिति पर पड़ सकता है।

कुंभ राशिःआपके लिए नई उन्नति के रास्ते खुलेंगे। कुछ नए व्यापारिक समझौते हो सकते हैं। नए लोगों से आपकी मुलाकात आपके व्यापार को बढ़ाने में सहायक होगी। परंतु कुछ चुनौतियों का सामना भी करना पड़ सकता है। लेकिन आप अपनी सूझ-बूझ से समस्याओं का समाधान निकालने में सफल हो जाएंगे। परिवार के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे सबका अच्छा सहयोग मिलेगा, आप सुकून महसूस कर सकते हैं

मीन राशिःआज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आप अपने कार्यों को आज समय से पूरा करके खुशी महसूस करेंगे। नौकरी में अनुकूल परिणाम मिलने के आसार हैं। आप अपनी मेहनत के लिए जाने जाएंगे। पदोन्नति के योग भी बने हुए हैं। व्यापार के सिलसिले में आज कोई यात्रा होगी। इससे आपको अच्छा लाभ मिलेगा। जीवनसाथी के साथ समझदारी से आप पारिवारिक दायित्वों को निभाएंगे। किसी बिर्थ-डे पार्टी में जाएंगे।

# विकसित पुस्तकालयों में बेहतर पीढ़ी का निर्माण करने की ताकत

### पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस 12 को

डॉ. प्रितम भि. गेडाम



पुस्तकें मनुष्य के सबसे अच्छे मित्र और मार्गदर्शक होते हैं जो सतत ज्ञानरूपी प्रकाश से उनके जीवन को पथ प्रदर्शक में रूप में प्रगति का मार्ग दर्शाते हैं। गुणवत्तापूर्ण मनुष्यबल, एवं शिक्षित समाज के निर्माण में पुस्तकालय की भूमिका महत्वपूर्ण है। देश-दुनिया में जितने भी सफल बुद्धिजीवी लोग हैं उनके जीवन में भी पुस्तकों के लिए विशेष स्थान होता है, वे भी पुस्तकें पढ़ने के लिए व्यस्त होते हुए भी समय निकालते ही हैं। देश के महान समाजसुधारक, क्रांतिकारी, महान वैज्ञानिक से लेकर आज के नेता - अभिनेता भी पुस्तकें पढ़ना पसंद करते हैं, अधिकतर लोगों ने तो अपने घर में ही खुद के संग्रहण की छोटी-सी लाइब्रेरी बनाई है। पुस्तकें मनुष्य को बेहतर जीवन चरित्र निर्माण करने में अमूल्य योगदान देते हैं। पुस्तकों ने आज के आधुनिक युग में डिजिटल स्वरूप धारण किया हैं अर्थात दुनियाभर का साहित्य इंटरनेट और यांत्रिक संसाधनों के द्वारा हमारे पास पहुंच गया हैं, जिसे हम कभी भी, कही भी पढ़ सकते हैं। ई-साहित्य ऑनलाइन लाइब्रेरी के रूप में उपलब्ध हैं, लेकिन पुस्तकालयों में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण साहित्य संग्रह के योग्य व्यवस्थापन और बेहतर सेवा सुविधा द्वारा ही पुस्तकालय के उद्देश्य की पूर्ति हो सकती हैं। बड़े दुख की बात है कि हमारे देश में अधिकतर स्कूली बच्चों को पुस्तकालय के बारे में जानकारी ही नहीं होती हैं क्योंकि उन्होंने अपने स्कूली जीवन में कभी पुस्तकालय देखा ही नहीं हैं। यह हाल सिर्फ पिछड़े ग्रामीण इलाकों का ही नहीं अपितु शहरों, महानगरों में भी अनेक स्कूल पुस्तकालय बगैर चल रहे हैं, तो कई स्कूलों में दिखावे के लिए एक बंद कमरे में कुछ रद्दी की किताबें पुस्तकालय के तौर पर नजर आती हैं, अधिकतर राज्यों के सरकारी और शासन द्वारा अनुदानित स्कूलों में भी ये हालात हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को पुस्तकालय का मोल कैसे समझेगा? यह एक गंभीर विषय हैं। स्कूली शिक्षा मनुष्य के जीवन का आधारस्तंभ होता है, अगर नींव बेहतर रही तो सफल जीवन की इमारत निश्चित ही मजबूत होगी। आज समाज में ज्ञान के स्त्रोत के रूप में स्थापित अधिकतर पुस्तकालय उपेक्षा के शिकार हैं, जिसके कारण नई पीढ़ी पुस्तकालयों से मुँह मोड़ती नजर आ रही हैं। एक समय था जब छोटे-छोटे बच्चे भी घर के बड़े बुजुर्गों के साथ परिसर के सार्वजानिक पुस्तकालयों में बाल साहित्य पढ़ने के लिए जाया करते थे। बच्चों में पढ़ने की वह उमंग, ललक, खुशी शायद अब दुर्लभ जान पड़ती हैं, क्योंकि बच्चों को अब ऑनलाइन गेम्स, सोशल मीडिया ने व्यस्त कर दिया हैं, जो आने वाले कल को बर्बादी की ओर धकेल रहे हैं। पालक ही बच्चों को बचपन से ही मोबाइल की लत लगवा रहे हैं, जब बच्चे मोबाइल से बिगड़ते हैं तो पालक परेशान होते हैं। कच्ची मिट्टी की भांति बच्चों को जैसा सिखाओगे वैसा वें सीखेंगे। एक बार मिट्टी पक्की हो गयी तो उनका आकार बदलना मुश्किल हैं। अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों को प्राथमिक स्कूली शिक्षा से ही बाल साहित्य व पठन सामग्री से परिचय करवाना चाहिए।

**ऑनलाइन का ये पहलू भी समझना होगा :-** माना कि ई-साहित्य ने पाठकों के लिए नया मार्ग प्रशस्त किया हैं लेकिन यांत्रिक संसाधनों पर ज्यादा देर लगातार पढ़ना थकावट पैदा करता हैं और कोरोना महामारी ने विद्यार्थियों के ऑनलाइन पढ़ाई के नाम पर बहुत-सी नई परेशानियों को जन्म दिया हैं। लगातार यांत्रिक संसाधनों से घिरे रहने के कारण विद्यार्थियों में सोशल मीडिया की लत लग गई, शारीरिक और मानसिक रूप से बच्चे कमजोर और हिंसक हुए, उनमें आंखों की समस्याएं, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा, चिंता और घुटन निर्माण होने लगी। इन समस्याओं से अभिभावक भी परेशान हो गए। ई-साहित्य समय, पैसा बचाकर दुनियाभर में हमारी पहुंच बनाता हैं, परन्तु स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कि जितना संभव हो सकें ऑनलाइन पढ़ना कम हो तो अच्छा। सभी ने पुस्तकें खूब पढ़नी चाहिए, प्रत्यक्ष रूप में पुस्तकों को पढ़ना बेहतर होता हैं। हम किसी किताब को अपने हाथ में थामकर या भौतिक किताब के साथ पढ़ते हुए जितना समय बिताते हैं, उसका आधा समय भी ऑनलाइन किताब पढ़ने में नहीं बिता सकते। ऑनलाइन द्वारा ई-साहित्य एक सीमित समय के लिए बेहतर परिणाम देते हैं।

**पुस्तकालय विकास से कोसों दूर :-** हम सब जानते ही हैं कि हमारे देश में पुस्तकालयों का विकास विशेषकर सार्वजनिक पुस्तकालय और स्कूली पुस्तकालय संतोषजनक नहीं हैं। योग्य व्यवस्थापन, कुशल कर्मचारी गण एवं आवश्यक निधि के अभाव में पुस्तकालय खराब हालत में हैं। एक वक्त था जब पुस्तकालय ज्ञान के स्त्रोत के रूप में शहरों, गांवों, कस्बों में लोगों के जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हुआ करता था। लोग कम शिक्षित थे फिर भी पुस्तकालयों के महत्त्व को जानते थे। आज वही पुस्तकालय अनमोल साहित्य के साथ खंडहरनुमा भवन में जर्जर अवस्था में बर्बादी की दास्तान बयां कर रहे हैं। अनेक पुस्तकालयों में अनमोल साहित्य जीर्ण अवस्था में पड़ा है, तो कई पुस्तकालयों में साहित्य के नाम पर कुछ समाचार पत्र दिखते हैं। तज्ञ कुशल कर्मचारी वर्ग की भारी कमी है, जिससे सेवाएं चरमराई हैं।

**प्रशासन की उपेक्षा और उदासीनता :-** भले ही देश में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया जाता हैं और ज्ञान स्त्रोत अर्थात पुस्तकालय के उपयोगिता को सभी मानते हैं परन्तु पुस्तकालयों के विकास का क्या? पुस्तकालयों के विकास में नई क्रांति की आज सबसे ज्यादा जरुरत हैं ऐसे में अंतराष्ट्रीय स्तर के पुस्तकालय के नेटवर्क को फैलाना तो दूर, जो पुस्तकालय अभी अस्तित्व में हैं उनमे से भी अधिकतर खत्म होने के कगार पर हैं। आज बड़े शहरों में महानगरपालिका का बजट हजार करोड़ से अधिक होता हैं लेकिन वे पुस्तकालयों पर कितना खर्च करते है, ये हम सब जानते हैं। अधिकतर राज्यों के अनेक सरकारी स्कूल, कॉलेज में केवल नाम के लिए पुस्तकालय हैं। दशकों से अनेक राज्यों में सरकारी और अनुदानित शिक्षा केंद्रों के पुस्तकालय विभाग में कर्मचारी भर्ती होते हुए नहीं दिखीं। आज हम आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं परन्तु क्या आज भी ÷गांव वहां पुस्तकालय÷ की संकल्पना को पूरी तरह से साकार कर पाये? बच्चों को स्कूल से ही पुस्तकालयों के महत्व और उसकी उपयोगिता को अपने जीवन में विशेष स्थान देना चाहिए लेकिन उन्हें स्कूल में पुस्तकालय की बेहतर सेवा-सुविधा ही नहीं मिलेगी तो वें निश्चित ही पुस्तकालयों से दूरी बनाने लगेंगे। पुस्तकालयों की ओर देखने का नजरिया बदलना चाहिए, शिक्षा को महत्व देना है तो पहले पुस्तकालय समृद्ध बनाने होंगे। पुस्तकालय धनोपार्जन का केंद्र नहीं है, शायद इसलिए इन्हें महत्त्व नहीं मिलता, लेकिन ये केंद्र ज्ञान स्त्रोत कहलाते हैं अर्थात देश को समृद्ध, विकसित और संपन्न बनाने के लिए पुस्तकालय बेहद महत्वपूर्ण हैं। विकसित पुस्तकालय बेहतर पीढ़ी को निर्माण करने की ताकत रखते हैं।

**प्रशासन की जिम्मेदारी :-** केंद्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन, संबंधित अधिकारी वर्ग ने अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत आनेवाले सभी पुस्तकालयों के विकास पर विशेष जोर देना चाहिए। उत्कृष्ट पठन सामग्री की खरीद, पुस्तकालय सेवा सुविधाएं, कुशल कर्मचारियों की भर्ती, पुस्तकालय भवन निर्माण के विस्तार पर ध्यान दिया जाना चाहिए, पुस्तकालयों में आधुनिक प्रौद्योगिकी की आवश्यकता, पर्याप्त धन, कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और उचित वेतन की पूर्ति समयानुसार होनी ही चाहिए। लाखों की संख्या में पुस्तकालय विज्ञान क्षेत्र में उच्च शिक्षित बेरोजगारों की भरमार हैं। विद्यार्थियों में पठन साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए स्थानिक प्रशासन से लेकर राज्य और केंद्र सरकार ने विविध स्तर पर योजनाएं, स्पर्धा, महोत्सव, कार्यक्रम, सम्मेलन आयोजित करवाना चाहिए। हर जिले में अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुस्तकालय स्थापित करके उसके क्षेत्र में आनेवाले सभी गांवों और कस्बों के स्कूल महाविद्यालय और सार्वजानिक पुस्तकालय भी उससे जोड़ने चाहिए, ताकि जिले के प्रत्येक पाठक को अंतराष्ट्रीय स्तर की पुस्तकालय सेवा पास में ही मिल सकें।

**सभी शिक्षा केंद्र में संपन्न पुस्तकालय हो तो :-** अगर देश में हर ओर विकसित पुस्तकालय हो तो बच्चे बड़े उत्साह से पुस्तकालय का उपयोग कर पाएंगे, पुस्तकों से उनकी दोस्ती होगी, पुस्तकें उनके जीवन को सही राह दिखाने में मददगार साबित होंगे, बच्चें अपने खाली समय का भी सदुपयोग कर पाएंगे। बच्चों का पढ़ाई में मन लगेगा, बोरियत महसूस नहीं होगी। वें मोबाइल, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग से दूर होंगे। बच्चों में बुरी आदतें कम होकर भविष्य में अपराधों पर अंकुश लगेगा। विद्यार्थी के रूप में बच्चे अपने भविष्य के प्रति जागरूक व अद्यतन रहेंगे, संस्कारशील, सृजनशील और जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। इससे शिक्षा प्रणाली पूर्णत समृद्ध होगी और इसका सीधा असर अन्य क्षेत्र पर होगा क्योंकि बच्चें बड़े होकर विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत होंगे, वें उन्नत राष्ट्र के निर्माण में मुख्य भूमिका निभाएंगे। धीरे-धीरे सम्पूर्ण राष्ट्र विश्वपटल अग्रगण्य स्थान पर विराजमान होगा। आज विश्व के उन विकसित देशों के शिक्षा प्रणाली के बारे में सोचिए, जहां पर बचपन से ही बच्चों को पुस्तकालयों से परिचय कराया जाता हैं और उनके भविष्य में मजबूत उड़ान भरने के लिए पुस्तक के रूप में नए पंख लगाए जाते हैं। निश्चित रूप से यही बच्चें जीवन में सफलताओं के परचम लहराते हैं और देश को तरक्की के शिखर पर पहुंचाते हैं।

# टैक्स पर टैक्स और खराब सड़कों के लिए टोल टैक्स क्यों?

### चर्चित मुद्दा

प्रियंका सौरभ

**सड़क विकास और रखरखाव के वित्तपोषण के लिए टोल एकत्र किए जाते हैं। परिणामस्वरूप, यह टोल टैक्स लगाकर नवनिर्मित टोल सड़कों की लागत की भरपाई करता है। यह टोल सड़कों के रखरखाव के लिए भी शुल्क लेता है। टोल टैक्स एनएचएआई को आय प्रदान करता है, जिसे विभिन्न निजी पार्टियों/ठेकेदारों को वितरित किया जाता है। कई ऐसी सड़कें हैं जहां बड़ी संख्या में गड्ढे हैं। टोल सड़कें रखरखाव की बहुत खराब स्थिति में हैं। फ़ास्ट टैग प्रणालियाँ दोषपूर्ण या धीमी हैं जिसके कारण भारी देरी और असुविधा होती है। यह या तो ऑपरेटरों की अक्षमता या रखरखाव की कमी है। सरकार की ओर से बड़े-बड़े दावे करने का कोई मतलब नहीं है। इस मुद्दे को उच्चतम स्तर पर उठाया जाना चाहिए। अब इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र की कंपनियां भी प्रवेश कर रही है। ये अपने फायदे के लिए काम करती है और खूब पैसा वसूल करती है तभी आप देख रहे है कि देश भर में अरबों का टोल टैक्स अपनी जेब में डालने के बाद भी सड़कों की हालत खस्ता है।**



टोल टैक्स या सिर्फ टोल वह शुल्क है जो वाहन चालकों को तय सड़कों, पुलों, सुरंगों से गुजरने पर देना पड़ता है। ऐसी सड़कों को टोल रोड कहा जाता है। यह इनडायरेक्ट टैक्स है। यह रोड टैक्स से इतर है जो आरटीओ वाहन मालिकों से वसूल करते हैं। टोल टैक्स कलेक्ट करने के लिए सड़कों पर टोल बूथ या टोल प्लाजा (कई बूथों को मिलाकर) होते हैं। आमतौर पर दो टोल बूथ के बीच 60 किलोमीटर की दूरी होती है। भारत में चार पहिया या उससे बड़े वाहनों से टोल टैक्स लिया जाता है। सड़कें बनाने में अच्छा-खासा पैसा खर्च होता है। नैशनल हाइवे/एक्सप्रेसवे बनाने में अरबों रुपये लग जाते हैं। ऐसे में टोल के जरिए वह लागत वसूली जाती है। मेंटेनेंस के लिए भी टोल टैक्स लिया जाता है। एक बार हाइवे की लागत रिकवर हो जाने पर टोल टैक्स 40त्न हो जाता है, जो मेंटेनेंस में इस्तेमाल होता है। आमतौर पर टोल रोड के हर 60 किलोमीटर स्ट्रेच पर टैक्स लिया जाता है। अगर स्ट्रेच इससे छोटा है तो रोड की वास्तविक लंबाई के आधार पर टैक्स वसूला जा सकता है। टोल टैक्स कितना होगा, यह तय करने के कई और फैक्टर्स भी होते हैं जैसे पुल, सुरंग, बाईपास, हाइवे की चौड़ाई या अन्य शर्तें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि खराब सड़कों से गुजरने वाले टोल क्यों दें सड़कें खराब हैं तो सरकार की नीतियों की वजह से, इसकी सरकार भरपाई करे।

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में ओवरलोडेड ट्रकों के चलने पर चिंता जताई है और कहा है कि इन ट्रकों की वजह से सड़कों की हालत खस्ता हो रही है। कोर्ट ने कहा कि ओवरलोडेड ट्रक भी भ्रष्टाचार का एक और जरिया हैं और अब इन्हें काबू करने के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी। टोल सड़क के विकास और रखरखाव को फंड देने के लिए एकत्र किए जाते हैं। नतीजतन, यह टोल टैक्स लगाकर नवनिर्मित टोल सड़कों की लागतों की भरपाई करता है। यह टोल सड़कों के रखरखाव के लिए भी शुल्क लेता है। सड़क विकास और रखरखाव के वित्तपोषण के लिए टोल एकत्र किए जाते हैं। परिणामस्वरूप, यह टोल टैक्स लगाकर नवनिर्मित टोल सड़कों की लागत की भरपाई करता है। यह टोल सड़कों के रखरखाव के लिए भी शुल्क लेता है। टोल टैक्स एनएचएआई को आय प्रदान करता है, जिसे विभिन्न निजी पार्टियों/ठेकेदारों को वितरित किया जाता है। यहां कई ऐसी सड़कें हैं जहां बड़ी संख्या में गड्ढे मौजूद हैं। टोल सड़कें रखरखाव की बहुत खराब स्थिति में हैं। फ़ास्ट टैग प्रणालियाँ दोषपूर्ण या धीमी हैं जिसके कारण भारी देरी और असुविधा होती है। यह या तो ऑपरेटरों की अक्षमता या रखरखाव की कमी है। सरकार की ओर से बड़े-बड़े दावे करने का कोई मतलब नहीं है। इस मुद्दे को उच्चतम स्तर पर उठाया जाना चाहिए। कोर्ट के निर्णय के अनुसार जो सडकें केंद्र सरकार या राज्य सरकारें बनवायेंगी उन पर कोई टोल टैक्स नहीं लगता है। लेकिन जिन्हें ये सरकारें नहीं बनाती है उन पर टोल टैक्स देय होता है ताकि सडक बनाने वाली संस्था सडक निर्माण की अपनी कीमत वसूल सके। जब आप किसी सडक पर यात्रा करते हैं तो टोल टैक्स वसूलने वाली संस्था का नाम भी लिखा होता है। यह सडक बनाने वाली संस्था ही होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग (नेशनल हाइवेज अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया ) बनाता है। यह भले ही सरकारी संस्था है लेकिन सरकार से अलग एक स्वायत्त संस्था है। यह जो भी सडक बनायेगी, टोल टैक्स वसूलेगी। अब इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र की कंपनियां भी प्रवेश कर रही है। ये अपने फायदे के लिए काम करती है और खूब पैसा वसूल करती है तभी आप देख रहे है कि देश भर में अरबों का टोल टैक्स अपनी जेब में डालने के बाद भी सड़कों की हालत खस्ता है। टोल प्लाजा के नियमों ने उन लोगों के लिए टोल का भुगतान करने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया, जिनके पास फास्टैग है और फिर भी 10 सेकंड से अधिक सेवा समय के लिए इंतजार करना पड़ता है। अगर वेटिंग लाइन 100 मीटर से अधिक लंबी हो जाती है, तो टोल प्लाजा नियम, वाहनों को टोल का भुगतान किए बिना गुजरने की अनुमति देते हैं। हर टोल लेन में टोल बूथ से 100 मीटर की दूरी पर पीली पट्टी होनी चाहिए। टोल प्लाजा पर इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह हाल के वर्षों में पेश किया गया। टोल प्लाजा नियमों के अनुसार अनिवार्य किया गया है। फास्टैग टोल भुगतान के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक का इस्तेमाल होता हैं। केंद्रीय परिवहन मंत्री ने 60 किलोमीटर से कम दूरी वाले टोल प्लाजा को बंद करने की घोषणा की थी। 60 किलोमीटर के भीतर केवल एक टोल बूथ होगा। सरकारी अधिकारियों ने पिछले साल जीपीएस आधारित टोलिंग शुरू करने की योजना की घोषणा की। स्थानीय निवासी और बार-बार उपयोग करने वाले एनएचएआई टोल नियम 2022 के अनुसार रियायतों का आनंद लेते हैं। हालांकि ये राहत देने वाले टोल प्लाजा नियम पूरे भारत में एक समान नहीं हैं। नए टोल प्लाजा नियम 2022 के अनुसार भी वाहन मालिकों के लिए फास्टैग होना जरुरी है। लेकिन अधिकारी उन लोगों के आवागमन को प्रतिबंधित नहीं कर सकते जिनके पास फास्टैग नहीं है। ऐसे यूजर्स को जिस कैटेगरी में उनका वाहन आता है, उसके लिए दोगुनी रकम चुकानी पड़ती है।

### सेहत

# लीवर को प्राकृतिक रूप से डिटॉक्स करने के लिए आजमाएं

लिवर कुछ प्रोटीन, कोलेस्ट्रॉल और हार्मोन सहित कई महत्वपूर्ण चीजें बनाता है, जो शरीर के लिए आवश्यक हैं।आजकल बाजार में लिवर डिटॉक्स के नाम पर कई चीजें आ गई हैं, लेकिन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की कई स्टडीज में कहा गया है कि इनसे लिवर को कोई खास फायदा नहीं होता है।ऐसे में आइए आज हम आपको 5 ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिन्हें अपनाकर लीवर को प्राकृतिक रूप से डिटॉक्स किया जा सकता है।

**ग्रीन टी पीएं**-ग्रीन टी में कैटेचिन की अच्छी मात्रा होती है, जो लीवर को कई संक्रमणों से बचाने में मदद करती है।इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सिडेंट इस अंग की डिटॉक्स प्रक्रिया को बढ़ावा देते हैं, जिससे मुक्त कणों के कारण होने वाले संभावित खतरों को खत्म किया जा सकता है।लीवर की कार्यक्षमता को मजबूत करने के लिए रोजाना 1 या 2 कप ग्रीन टी का सेवन करें।यहां जानिए ग्रीन टी से मिलने वाले लाभ।

**हल्दी का करें उपयोग**-हल्दी एक बेहतरीन घरेलू मसाला है, जो लीवर को स्वस्थ रखने में मदद कर सकती है।विशेषज्ञों का मानना है कि रोजाना गर्म हल्दी वाला दूध पीने से लीवर को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है और इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट पित्त उत्पादन में सहायता करते हैं, जो वसा का निर्माण को रोकते हैं।आप चाहें तो सुबह के समय एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच हल्दी और एक चुटकी काली मिर्च मिलाकर उसका सेवन भी कर सकते हैं।

**डाइट में शामिल करें ताजे फल और सब्जियां**-लीवर स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि डाइट में 40 प्रतिशत तक ताजे फल और सब्जियां शामिल करना लीवर के लिए लाभदायक है।ये एंजाइमों से भरपूर होते है, जो पाचन में मदद करते हैं और विषाक्त पदार्थों को निकालने के लिए लीवर की क्षमता को बढ़ाते हैं।सबसे ज्यादा पालक, पत्तागोभी और खट्टे फल खाना लीवर के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

# मिनीमाता ने छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय क्षितिज पर दी नई पहचान

### मिनीमाता पुण्यतिथि-विशेष

ललित चतुर्वेदी, उप संचालक
ओम डहरिया, सहा. जन. अधिकारी

छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद मिनीमाता बहुआयामी व्यक्तित्व की धनी थी। अपने प्रखर नेतृत्व क्षमता की बदौलत राष्ट्रीय नेताओं के बीच उनकी अलग पहचान थी। दलित शोषित समाज ही नहीं सभी वर्गों ने उनके नेतृत्व को मान्य किया था। उन्होंने संसद में अस्पृश्यता निवारण अधिनियम पारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मिनीमाता समाज हितैषी कार्यों



की वजह से लोकप्रियता के शीर्ष पर पहुंची। मिनीमाता ने समाजसुधार सहित सभी वर्गों की उन्नति और बेहतरी के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने जन सेवा को ही जीवन का उद्देश्य मानकर कार्य किया। उन्होंने नारी उत्थान, किसान, मजदूर, छूआ-छूत निवारण कानून, बाल विवाह, दहेज प्रथा, निःशक्त व अनाथों के लिए आश्रम, महिला शिक्षा और जनहित के अनेक फैसलों और समाज हितैषी कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मिनीमाता की राजनीतिक सक्रियता और समर्पण से पीड़ितों के अधिकार हेतु संसद में अनेक कानून बने। मिनीमाता का मूल नाम मीनाक्षी देवी था। उनका जन्म 13 मार्च 1913 को असम राज्य के दौलगांव में हुआ। उन्हें असमिया, अंग्रेजी, बांगला, हिन्दी और छत्तीसगढ़ी भाषा का अच्छा ज्ञान था। वह सत्य, अहिंसा एवं प्रेम की साक्षात् प्रतिमूर्ति थीं। उनका विवाह गुरूबाबा घासीदास जी के चौथे वंशज गुरू अगमदास से हुआ। विवाह के बाद वे छत्तीसगढ़ आई, तब से उन्होंने इस क्षेत्र के विकास के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। गुरू अगमदास जी की प्रेरणा से स्वाधीनता के आंदोलन, समाजसुधार और मानव उत्थान कार्यों में उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वतंत्रता पश्चात लोकसभा का प्रथम चुनाव 1951-52 में सम्पन्न हुआ। मिनीमाता सन् 1951 से 1971 तक सांसद के रूप में लोकसभा की सदस्य रहीं। छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद के रूप में दलितों एवं महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्यों के लिए उन्हें सदा याद किया जाएगा। अविभाजित मध्यप्रदेश में बिलासपुर-दुर्ग-रायपुर आरक्षित सीट से लोकसभा की प्रथम महिला सांसद चुनी गईं। इसके बाद परिसीमन में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित जांजगीर लोकसभा क्षेत्र से चार बार चुनाव जीत कर लोकसभा पहुंची। मिनीमाता की स्मृति में छत्तीसगढ़ सरकार ने असंगठित क्षेत्रों के कमज़ोर आय वर्ग की श्रमिक महिलाओं को प्रसूति के लिये आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाली भगिनी प्रसूति सहायता योजना का नाम बदलकर 'मिनीमाता महतारी जतन योजना' कर दिया है। मिनीमाता के योगदान को चिरस्थाई बनाने के लिए तत्कालीन मध्यप्रदेश में हसदेव बांगो बांध को मिनीमाता के नाम पर रखकर किसानों के हित में किए गए उनके कार्यों के प्रति श्रद्धांजलि दी गई। आज बिलासपुर और जांजगीर जिले के हजारों किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल रही है। मिनीमाता ने उद्योगों में हमेशा स्थानीय लोगों को रोजगार दिए जाने की वकालत की। वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ के गठन के बाद छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिनीमाता की स्मृति में समाज एवं महिलाओं के उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिनीमाता सम्मान की स्थापना की गई।

# हारम में स्ट्रीट लाइट सालों से पड़ी है बंद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 11 अगस्त ।** गीदम के हारम में गुरुवार शाम सरपँच प्रमिला सुराना के नेतृत्त्व में हारम की जनता ने यहां सालों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट के चलते शासन-प्रशासन के खिलाफ मशाल रैंली निकाली और जिला प्रशासन को जगाने का प्रयास किया । इसके साथ ही नाराज जनता शासन-प्रशासन एव सत्ता पक्ष के विधायक, सासंद के खिलाफ जमकर नारे-बाजी करते हुए भी नजर आए । गौरतलब है कि पिछले डेढ़ साल से गीदम के मुख्य मार्ग नेशनल हाइवे पर हारम इलाके की डिवाइडर में लगी स्ट्रीट लाईटे बंद पड़ी हुई है। स्थानीय लोगो ने कई बार जिला प्रशासन से स्ट्रीट लाइट चालू करवाने की मांग की लेकिन आश्वासन ही मिलता रहा । बावजूद इसके जब साल भर बीत गए तब हारम की जनता प्रशासन के खिलाफ सड़क पर आ गई और प्रशासन को जगाने मुख्य मार्ग पर मशाल रैंली निकाली गई। इस दौरान हारम ग्राम सरपँच प्रमिला

मशाल रैंली में शामिल भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष व स्थानीय व्यापारी श्याम सिंह ने कहा कि हमने इससे पूर्व में भी कई बार मीडिया-शोशल मीडिया के माध्यम से आवाज उठाकर प्रशासन को अवगत कराया है , साल भर बीत जाने के बाद भी आज तक इस समस्या का सुध लेने कोई नही आया । पूर्व मण्डल अध्यक्ष ने कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि इस बार जनता अच्छे से जवाब देने वाली है ।



सुराना ने बताया कि जिला प्रशासन से इससे पहले कई बार मौखिक रूप से स्ट्रीट लाइट बंद होने की सूचना दी गई है लेकिन इस समस्या का आज तक कोई निराकरण नही करवाया गया। अगर सप्ताह भर के भीतर हारम की स्ट्रीट लाइट की मरम्मत नही होती है तो हारम में चक्का जाम करने की चेतावनी भी दी गई है। मशाल रैंली में गीदम व हारम के युवाओं के साथ- साथ स्थानीय व्यापारी व भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल रही ।

इधर रैंली में शामिल पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना ने कहा कि दंतेवाडा जिले में डीएमएफ की राशि का बंदरबाट चल रहा है , तोड़फोड़कर करोडो का दोबारा निर्माणकार्य कराया जा रहा है, चहेते ठेकेदारों को काम दिया जा रहा है लेकिन ग्रामीणो इलाको के निर्माण कार्यो पर ध्यान नही दिया जा रहा है। बाहर से आने वाले लोगो के लिए हारम तिराहे को दन्तेवाडा के दन्तेश्वरी मन्दिर का एक तरह से मुख्य द्वारा भी माना जाता है और यहां पर सालों से अंधेरा है । कलेक्टर , विधायक , सासंद, सत्ता पक्ष के नेता यहां से कई बार गुजरते है लेकिन किसी को जनता की समस्या से कोई दिलचस्पी नही है । हमने कई बार कलेक्टर से इन लाइटों की मरम्मत करवाने की मांग की , कलेक्टर से डीएमएफ मद से इन लाइटों की मरम्मत करवाने का आश्वासन मिलता रहा लेकिन साल भर बीत गए प्रशासन ने यहां कोई दिलचस्पी नही दिखाई । अगर इस समस्या का निराकरण जल्द नही हुआ तो जनता जल्द ही अब चक्का जाम करने की तैयारी में है ।

### रामनवमी समेत कई त्यौहार निकल गए अंधेरे में

शहर में धूमधाम से मनाए जाने वाली रामनवमीं महापर्व के समय भी सड़क की स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी थी । शोभायात्रा के समय पूरे सड़क पर अंधेरा पसरा हुआ था , हालांकि आयोजन समिति द्वारा कुछ जगहों पर लाइट की व्यवस्था की गई थी लेकिन सरकार की लाईटे बंद पड़ी थी । इसी तरह शारदीय नवरात्र के समय पदयात्रियों को भी अंधेरे में परेशानी होती थी । अंधेरा होने के चलते कई बार शाम को पैदल घूमने वाले सड़क हादसे का भी शिकार हो चुके है।

## एक नजर

### आबकारी अमले ने की 10 लीटर महुआ शराब जब्त

**कांकेर 11 अगस्त।** कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी सी.खलखो के मार्गदर्शन में जिले में शराब के अवैध विक्रय पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में आज आबकारी उप निरीक्षक वृत पखांजूर श्री ओमप्रकाश द्वारा राहुल विश्वास पिता गोपाल विश्वास निवासी पी.व्ही 96 सावनपुर थाना छोटेबेटिया के रहवासी मकान में स्टॉफ के साथ दबिश देकर एक जरीकेन में 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जप्त कर आरोपी को आबकारी अधिनियम की गैर जमानती धारा 34 2 59 क के अंतर्गत गिरफ्तार कर प्रकरण विवेचना में लिया जाकर आरोपी को जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक ओमप्रकाश एवं आरक्षक रंजित सरदार, सोहनलाल मरकाम तथा गंगाराम यादव मौजूद रहे।

### शासकीय पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए 15 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन

**कांकेर 11 अगस्त ।** शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स में प्रथम वर्ष में प्रवेश सीजी पीपीटी-2023 कक्षा 10वीं के आधार पर होगी। राज्य स्तरीय ऑनलाइन काउंसलिंग के प्रथम चरण की प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थी को 11 से 15 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन कराना होगा तथा सीटो का आबंटन 17 अगस्त को किया जायेगा। आबंटित सीटों पर 18 से 21 अगस्त तक प्रवेश लिया जा सकेगे। शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य से मिली जानकारी अनुसार वर्तमान में शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में मेकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के डिप्लोमा कोर्स संचालित है। अभ्यर्थी किसी तरह की कठिनाई आने पर अभ्यर्थी सुविधा केन्द्र शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर से संपर्क कर सकते है। प्रवेश हेतु कांकेर जिले के मूल निवासी अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।

### डूबने से मृत्यु के प्रकरण में आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर, 11 अगस्त ।** पखांजूर तहसील अंतर्गत पी.व्ही-30 योगेन्द्र नगर निवासी 45 वर्षीय कृष्णा सरकार की डबरी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने राजस्व परिपत्र खण्ड 6-4 में दिये गये प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए मृतक की पत्नी श्रीमती संध्या रानी सरकार के लिए चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किये हैं। स्वीकृत सहायता राशी का भुगतान पखांजूर तहसीलदार के द्वारा हितग्राही के खाता में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से किया जायेगा।

### 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 6 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें विकासखण्ड सरायपाली के ग्राम चट्टीगिरौला के प्रकाश बुडेक एवं बागबाहरा विकासखण्ड बागबाहरा के ग्राम अरंड की लक्ष्मी ध्रुव की मृत्यु आग में जलने से होने पर उनके निकटतम परिजनों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार विकासखण्ड पिथौरा के ग्राम नवागांव खुर्द की मृतिका मीना ठाकुर, ग्राम साकिन सोनासिल्ली की फुलकुंवर तथा विकासखंड बागबाहरा के ग्राम आंवराडबरी के जितेश कुमार एवं विकासखण्ड महासमुंद के ग्राम साराडीह की संगीता की मृत्यु सांप के काटने से होने पर उनके निकटतम वारिसानों के लिए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सीएम ने मृतक के परिजनों को चार लाख,घायलों के परिजनों को 25-25 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की

**जगदलपुर, 11 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बस्तर जिला मुख्यालय के गीदम रोड में हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा दु:ख जताया है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने मृतक के परिजनों को 04 लाख तथा घायलों को 25-25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को घटना में घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं। सड़क दुर्घटना में बुधराम, पिता रामू 23 वर्ष की मृत्यु हो गई है और 20 व्यक्ति घायल हो गए हैं। घायलों का जगदलपुर के डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

# भूपेश सरकार के जाने का वक्त आ गया है:मोती लाल साहू

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश आह्वान पर लाभार्थी सम्मेलन एवं कार्यकर्ताओं की बैठक सिरपुर शक्ति केंद्र एवं अमलोर शक्ति केंद्र का कार्यक्रम सिरपुर में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा नेता मोती लाल साहू थे। साथ में मण्डल महामंत्री संतोष चंद्राकर, उपाध्यक्ष सोहन साहू, वरिष्ठ नेता दुलरवा धीवर एवं सुखीराम हिरवानी उपस्थित थे।कार्यक्रम एवं बैठक को संबोधित करते हुए साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना का लाभ प्रत्येक परिवार एवं व्यक्ति तक पहुंची है। प्रधानमंत्री आवास योजना जिसको छग की कांग्रेस सरकार रोक रखी है। भारतीय जनता पार्टी के आंदोलन पश्चात यह योजना पर कुछ आवास की स्वीकृति दी गई है। स्वच्छता योजना के तहत घर-घर शौचालय निर्माण उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर का वितरण स्वास्थ्य लाभ के लिए 5 लाख तक का लाभ आयुष्मान भारत के तहत नल जल योजना के तहत शुद्ध पेयजल, प्रत्येक घर तक पहुंचाने का काम प्रत्येक परिवार को 35 किलो चावल निःशुल्क प्रदान करने का काम नरेंद्र मोदी की सरकार कर रही है। लेकिन, छग की भूपेश सरकार की योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी पुरी तरह फ्लॉप हो चुकी है। आज गरवा (पशु) रोज वाहन की चपेट में आकर मर रही है। 2 दीन पहले 16 पशु कोडार बांध के पास बस की चपेट में आने से मौत हो गई, उसके दूसरे दिन कांपा में ट्रक के चपेट में आने से 7 पशु मारा गया। कांग्रेस सरकार गौठान को केवल भ्रष्टाचार का अड्डा बना रखा है। किसी भी गौठान में ना पशु है और ना ही इसको रखने के लिए चारा पानी की व्यवस्था है। 15वें वित्त का पैसा एवं रोजगार गारंटी योजना का दुरुपयोग कांग्रेस सरकार ने की है। अब इस सरकार का जाने का वक्त आ गया है। बेजुबान पशुओं का श्राप इस सरकार को लग चुकी है। इस अवसर पर पासीद सरपंच लाला राम निषाद, पुसउ निषाद, भारत साहू, गोपी ध्रुव, लोकेश साहू, नकुल सेन, दुखुराम मानिकपुरी, दिलीप ध्रुव, नेमचंद जायसवाल, पुनीत राम यादव, सुखदेव यादव, ईश्वरी ध्रुव, शिवनारायण धीवर, चुम्मन साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पौधारोपण



### भाजयुमों ने चलाया मेरी माटी मेरा देश अभियान

**नारायणपुर।** भारतीय जनता युवा नारायणपुर के द्वारा आज स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय मे पौधा रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज जैन ने बताया की राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के आवहन पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत वसुधा वंदन कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय परिसर मे 75 फलदार व औषधिय पौधे रोपण किये यह पौधा रोपण स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर किया जा रहा है इस अवसर पर भाजपा जिलाउपाध्यक्ष सोनू कोर्राम, भाजपा जिलाकोषाध्यक्ष व युवा मोर्चा प्रभारी संदीप झा, भाजयुमो नेता दिपेन्द्र भोयर,प्रितेश जैन,बिस्सू दत्ता, राजेश ठाकुर, टीपू राठौर,जीतू मेडिया,सलमान खान, नरेंद्र दुग्गा,भुनेश्वर यादव सहित अन्य भाजयुमो पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता सहित महाविद्यालय के छात्र - छात्राये भी शामिल हुए।

### जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला 12 को

**महासमुंद।** संचालनालय आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला महासमुंद डॉ. प्रवीण चंद्राकर के मार्गदर्शन में एक दिवसीय निःशुल्क जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित टाऊन हाल में शनिवार 12 अगस्त 2023 को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक होना सुनिश्चित किया गया है। इस शिविर में आयुर्वेद व यूनानी के चिकित्सकों द्वारा जनजागरुकता, परामर्श व चिकित्सा दी जाएगी। योग चिकित्सक द्वारा जीवन में दैनिक उपयोग में आने वाले योग से जुड़े उपाय व व्याधि विशेष में उपयोगी योग आसन आदि के बारे में जानकारियां दी जाएंगी। एलोपैथी टीम के द्वारा चिकित्सकीय परामर्श, चिकित्सा, ब्लड शुगर व हीमोग्लोबिन आदि की जाँच के साथ-साथ नेत्र जाँच की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। महासमुंद जिले के सभी सम्मानित नागरिकों से अनुरोध है कि इस जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला के नोडल अधिकारी व आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सर्वेश दुबे ने बताया कि इस स्वास्थ्य मेला के आयोजन में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं विधायक विनोद चंद्राकर, कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद महासमुंद की अध्यक्ष राशि महिलांग व विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष महासमुंद यतेंद्र साहू, कृषि उपज मंडी समिति अध्यक्ष हीरा बंजारे, सदस्य बीज अनुसंधान संस्थान दाऊ लाल चंद्राकर व संजय शर्मा होंगे।

## समाचार संक्षेप

### पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए प्रथम चरण का आवेदन आज से

**सुकमा, 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कुम्हाररास स्थिति पॉलिटेक्निक कॉलेज सुकमा में डिप्लोमा इंजीनियरिंग के सिविल व मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल ब्रांच में सत्र 2023-24 में प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित की गई है। प्रथम वर्ष के लिए प्रथम चरण में आवेदन 11 से 15 अगस्त तक तथा द्वितीय चरण में 22 से 26 अगस्त तक कार्यालीयन समय में कर सकते हैं। वहीं द्वितीय वर्ष के लिए 17 से 21 अगस्त, द्वितीय चरण में 28 से 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।अभ्यर्थियों के लिए संस्था में ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी के लिए संस्था में उपस्थित होकर अथवा मोबाइल नंबर 8839808532, 7999063380 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही डब्ल्यु डब्ल्यु डब्ल्यु डॉट जीपीओएलवॉय सुकमा डॉट इन तथा डब्ल्यु डब्ल्यु डब्ल्यु डॉट सीजीडीटीई रायपुर डॉट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन का भी अवलोकन कर सकते हैं।

### जिला जेल में दी गई स्ट्रेस मैनेजमेंट की जानकारी

**सुकमा, 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सीएमएचओ डॉ. महेश सांडिया तथा सिविल सर्जन डॉ. अभय सिंह तोमर के निर्देशानुसार तथा नोडल अधिकारी श्री महादेव बारसे के मार्गदर्शन में जिला जेल सुकमा में कैदियों का स्टेस मैनेजमेंट प्रोग्राम किया गया। साइकोलॉजिस्ट नित्या देवांगन तथा साइकेट्रिक सोशल वर्कर रीना मंडावी द्वारा कैदियों को, तनाव, तनाव के लक्षण तथा तनाव से बचने के उपायों की तथा कैदियों को विभिन्न प्रकार के व्यसन तथा उनके दुष्प्रभावों को जानकारी दी गई। साथ ही नया जीवन शुरू कर आने वाले कल को बेहतर बनाने तथा समाज में सम्मानजनक जीवन जीने के लिये प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने जेल प्रभारी श्री दीपेश चंद्राकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### विभिन्न संविदा पदों के लिए आवेदन 25 अगस्त तक

**सुकमा, 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उप संचालक सह परियोजना प्रबंधक डब्ल्युसीडीसी में विभिन्न संविदा पदों के लिए आवेदन 25 अगस्त तक कार्यालयीन समय में स्वयं अथवा पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की गई है। जिनमें जिला स्तर पर तकनीकी विशेषज्ञ, लेखापाल सह डॉटा एंट्री ऑपरेटर के 1-1 पद, परियोजना स्तर पर डब्ल्युडीटी सदस्य यांत्रिकी, डब्ल्युडीटी सदस्य समूह विकास के 2-2 पद तथा डब्ल्युडीटी सदस्य आजीविका के 1 पद शामिल है। वहीं सामसट्टी, पोंगाभेज्जी, चिकपाल, हमीरगढ़, जैमेर, लिटीरास, टाहकवाड़ा, मारेंगा में माईक्रो वाटरशेड सचिव के 8 संविदा पदों के लिए भी आवेदन मंगाई गई है। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय के सूचना पटल के अलावा जिले की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यु डब्ल्यु डब्ल्यु डॉट सुकमा डॉट जीओवी डॉट इन का अवलोकन कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ जिपं अध्यक्ष ने किया

**कांकेर 11 अगस्त।** जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का जिला स्तरीय शुभारम्भ जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री हेमंत कुमार ध्रुव, जिला पंचायत कृषि सभापति श्री नरोत्तम पाटोडी एवं अलबेलापारा के पार्षद श्रीमती उगेश्वरी उइके के द्वारा गत दिवस प्राथमिक शाला अलबेलापारा मे बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिला कर किया गया। जिले में 01 से 19 वर्ष तक के 02 लाख 95 हजार 148 बच्चों और किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। विकासखण्ड अंतागढ़ में 30808, भानुप्रतापुर में 37413, चारामा में 41955, धनेलीकन्हार में 48729, दुर्गुकोंदल में 25337, नरहरपुर में 43517 और विकासखण्ड कोयलीबेड़ा में 67389 बच्चों को कृमि मुक्ति के दवा खिलाई जाएगी।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार द्वारा वर्ष में दो बार कृमि संक्रमण और उससे सम्बंधित रोगों की रोकथाम के लिए किया जाता है। इस कार्यक्रम में 1 से 19 वर्ष के सभी



बच्चों और किशोरों-किशोरियो को स्कूल, तकनीकी संस्थानों और आंगनबाड़ी के माध्यम से डिवर्मिंग दवा एल्बेंडाजॉल खिला कर कृमि मुक्त किया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि कृमि वह परजीवी हैं जो मनुष्य के आंत में रहते हैं और जीवित रहने के लिए मानव शरीर के जरूरी पोषक तत्व को खाते हैं । कृमि संक्रमण भारत में एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या है और ये बच्चों और किशोरों की शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास पर हानिकारक प्रभाव डालते हैं। इनसे एनीमिया और कुपोषण का भी खतरा है । नियमित डिवर्मिंग बच्चों और किशोरों में कृमि के संक्रमण को समाप्त कर, उनके शारीरिक और संज्ञानात्मक विकास में योगदान कर सकता है और साथ ही जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है। एल्बेंडाजोल डब्ल्यू.एच.ओ द्वारा अनुमोदित दवा है जिसका उपयोग पूरे विश्व में बच्चों और किशोरों में आंत के कृमि संक्रमण को रोकने के लिए किया जाता है। भारत में इसका उपयोग सभी फाइलेरिया प्रभावित राज्यों और जिलों में ÷फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम÷ में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के तहत किया जाता है। एल्बेंडाजोल टेबलेट सेवन के उपरांत कुछ बच्चों को हल्के पेट दर्द, उल्टी, जी मिचलना दस्त और थकान का अनुभव हो सकता है। ये दुष्प्रभाव आमतौर पर अस्थायी होते हैं और इन्हें आसानी से संभाला जा सकता है। चोकिंग दवाई का गले में अटकना एल्बेंडाजोल का साइड इफेक्ट नहीं है और यह तब होता है, जब टैबलेट को ठीक से चबाया या चूरा ना किया हो। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रतिकूल घटनाओं के प्रबंधन के लिए जिले में सशक्त आपातकालीन सहायता दल तैयार किया गया है। उन्होंने पालकों से सभी बच्चों और किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने की अपील करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग के सक्रिय सहयोग से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम चलाया जा रहा है ।

# दुकान के बाहर सामान ना रखकर व्यवसाय संचालित करें:एसडीएम



### यातायात सुधारने नौसिखिये चालकों पर होगी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 11 अगस्त।** यहा के जनपद की सभाकक्ष मे आज कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु एस.डी.एम आकांक्षा त्रिपाठी की अगुवाई पत्रकारो के साथ व्यापारियों की आवश्यक बैठक रखी गयी,जिसमे एस.डी.एम आकांक्षा त्रिपाठी के साथ जनपद सी.ई.ओ पवन पटेल,तहसीलदार सुनील अग्रवाल,सी.एम.ओ प्रभाकर शुक्ला,थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार दुबे एवं अन्य थाना से आये वहा के प्रभारी मौजुद थे। सर्वप्रथम एस.डी.एम आकांक्षा त्रिपाठी ने जिला प्रशासन एवं जिला कलेक्टर से मिले निर्देशो को पत्रकार एवं व्यापारियों के बीच सांझा किया। उन्होने शहर की समस्याओ को जानने के बाद उसके समाधान का आश्वासन दिया,इस दौरान पत्रकारो ने शहर की बिगडी यातायात व्यवस्था से अधिकारीयों को अवगत कराया,साथ ही बस स्टैन्ड मे शाम ढलते ही शराबी एवं नशेडियो का अडडा बनने के साथ बसो का बेतरतीब खडे होने पर ध्यानाकर्षण कराया। यहा की मुख्य सडको पर लगने वाले जाम से भी अधिकारीयों को अवगत कराया गया। साथ ही शहर की सकरी सडको पर हुये अतिक्रमण एवं ठेले गुमटियों के लिए सुनिश्चित जगह तय करने की बात कही गयी। व्यापारीयों द्वारा मुक्ति धाम की समस्याओ पर ध्यानाकर्षित कराया। साथ ही व्यापारिक प्रतिष्ठानो के सामने बडी वाहनो के खडे होने से लगने वाले जाम से निपटने के लिए माल लोडिंग अनलोडिंग के लिए एक स्थान निश्चित करने की बात कही गयी। व्यापारीयों द्वारा शहर की सडको मे उडने वाली धूल पर नियंत्रण करने की बात कही,इसी दौरान बस स्टैन्ड मे महिला यात्री शौचालय का मामला भी उठाया गया,जिस पर एस.डी.एम आकांक्षा त्रिपाठी ने समस्याओ के हल को लेकर व्यापारी एवं पत्रकारो के अलावा आम नागरिको के सहयोग की अपेक्षा की। उनका कहना था कि हर व्यक्ति अपने कर्त्तब्यो को समझकर सुधार की बातें स्वयं के अलावा अपने घर से ही शुरू करते है तो यह अभियान कुछ दिनो मे ही पूरा किया जा सकता है। यहा के थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार दुबे ने एक वाहन पर दो से अधिक सवारी एवं नौसिखिये चालको पर जल्द कार्यवाही करने की बात कही।।

## दिव्या एवं स्वाति ने किया जिले को गौरवान्वित

# नेशनल बास्केटबॉल टूर्नामेंट में राज्य की बालिका टीम ने जीता स्वर्णपदक

**महासमुंद, 11 अगस्त।** 48वीं सब जूनियर नेशनल बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन पांडिचेरी में 3 अगस्त से 9 अगस्त 2023 तक आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ ने मध्य प्रदेश को 107-33 से हराकर जीत हासिल किया, छत्तीसगढ़ ने पंजाब को 66-39 से हराकर जीत हासिल किया। जिसमें अंतरा राव ने 30, रूमी ने 04, गायत्री ने 09, दिव्या रंगारी ने 06, जेनी ने 02, आरुषि ने 04, निधि ने 06, स्वाति ने 02, प्रगति ने 03 अंक बनाए। अगले मैच में छत्तीसगढ़ ने उत्तरप्रदेश को 60-33 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में छग ने हरियाणा को 67-35 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जिसमें महासमुंद की दिव्या ने 15 अंक और स्वाति ने 8 अंक बनाएं। सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए महाराष्ट के विरुद्ध 67-47 से जीत हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। टीम में दिव्या ने 14 अंक, आरुषि ने 4 अंक, निधि ने 7 अंक, पी. अंतरा राव ने 11 अंक, श्रृजल ने 02 अंक, रोमी ने 11 अंक, स्वाति यादव ने 11 अंक बनाए। फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ का मुकाबला तमिलनाडु से हुआ जो बहुत ही रोमांचक रहा। दोनों टीम बराबरी के स्कोर पर खेल रहीं थी। अंतिम क्वार्टर में छत्तीसगढ़ ने 49-47 से मैच जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। स्वर्ण पदक विजेता टीम को पुरस्कार राशि 3 लाख रुपए प्रदाय किया गया।महासमुंद जिले से बालिका वर्ग में दिव्या रंगारी एवं स्वाति यादव प्रदेश की टीम में शामिल रहे, जिन्होंने जिले एवं प्रदेश का नाम रौशन किया। प्रदेश की बालक टीम में जिले के 3 खिलाड़ी शामिल रहे, जिसमें आशीष शर्मा, आदित्य पटेल एवं सिद्धार्थ चंद्राकर शामिल है। छत्तीसगढ़ की बालक टीम ने अपना पहला लीग मैच वेस्ट बंगाल से 21-40 से हार गई, दूसरा मैच छत्तीसगढ़ ने हिमाचल को 57-15 से हराया, तीसरा मैच छत्तीसगढ़ ने चंडीगढ़ को 78-60 से हराया। अगला मैच छत्तीसगढ़ ने ओडिशा को 50-30 से हराया। अगले मैच में छत्तीसगढ़ ने मणिपुर को 39-21 से हराया एवं छत्तीसगढ़ का मुकाबला उत्तराखंड से हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ को हार का सामना करना पड़ा एवं प्रतियोगिता से बाहर हो गई। टीम के कोच वीरेन्द्र देशमुख एवं सहायक कोच अभिषेक अंबिलकर शामिल रहे। छत्तीसगढ़ बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक जितने पर प्रदेश बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष राजीव जैन, सचिव अनिता पटेल, कोषाध्यक्ष साजी थॉमस, कोच रोहित पटेल, सहायक कोच शुभम तिवारी, डी कीर्ति, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, दीपक मंडावी, संतोष सोनी, किरण महाडिक, जिला बॉस्केटबॉल संघ महासमुंद से हिरेंद सोनी, मनीष श्रीवास्तव, गौरव चंद्राकर, नुरेन चंद्राकर, पुरन साहू, सुभाष मंडल, विवेक मंडल, निखिल चंद्राकर, कुंदन चंद्राकर, लालू सोनवानी, आकाश सोनी व अंकित जैन, सेवन दास मानिकपुरी, सै. इमरान अली, मनीष चंद्राकर, प्रियंका ठाकुर एवं अन्य संघ के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।



## एक नजर

### विद्युत विभाग की लापरवाही से हुई युवक की मौत:मुदलियार



**बीजापुर, 11 अगस्त।** बीते सोमवार को बासागुड़ा में हाई टेंशन तार टूट कर गिर जाने से एक युवक की मौके पर मौत व दूसरा गंभीर रूप से घायल है इस पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने इस घटना का जिम्मेदार विधुत विभाग को ठहराते हुए उचित मुआवजा और पीड़ित परिवार से एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने की मांग की है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा जिलाध्यक्ष मुदलियार ने बताया है कि बीते सोमवार को आवापल्ली क्षेत्र के बासागुड़ा में दो युवकों के ऊपर हाई टेंशन तार टूट कर गिर जाने से मौके पर एक युवक की मौत हुई थी और दूसरा युवक अब भी गंभीर हालत बना हुआ है इस घटना के जिम्मेदार संबंधित विभाग है इनके निष्क्रियता फील्ड के अभाव में यह घटना घटित हुआ है घटना की जिम्मेदारी लेते हुए विभाग पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा मुहैया कराए साथ ही एक व्यक्ति को शासकीय सेवा में नियुक्ति करें और घायल युवक का उचित ईलाज की व्यवस्था विधुत विभाग देखे। मुदलियार ने आगे बताया है कि बरसात और हवा तूफान चलने का मौसम है ऐसे में इस तरह की घटनाएं बनी रहती है बावजूद विभाग आवासीय क्षेत्रों में भी लाइन चेकिंग फील्ड नही करती इनकी यही लापरवाही ने युवक की जान चली गई। विधुत विभाग इस दुर्घटना की जिम्मेदारी ले और आवश्यक सहयोग पीड़ित परिवार को दे।

### विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासियों के लिए विशेष जागरूकता शिविर आयोजित



**रायगढ़, 11 अगस्त।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष श्री अरविन्द कुमार सिन्हा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशानुसार 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासियों हेतु विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन रायगढ़ एवं तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़, घरघोड़ा, बिलाईगढ़, भटगांव, खरसिया एवं सारंगढ़ में किया गया। इस अवसर पर जिला एवं तहसील स्तर पर पैरालीगल वालिंटियर्स के द्वारा रैली निकाली गई। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दीपक कुमार कोशले ने बताया कि शिविर में आदिवासी अनुसूचित जाति व जनजाति महिलाओं एवं पुरूषों को मिलने वाली सहायता तथा उनके विधिक अधिकारों, विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उन्हें दिए जाने वाली सहायता को विस्तार से बताया गया। विशेष न्यायालय का गठन अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्यों के उत्पीड़न के अपराधों की सुनवाई हेतु सरकार द्वारा विशेष सत्र न्यायालय का गठन किया गया है। ऐसे अपराध की शिकायत थाने में या सीधे न्यायालय में की जा सकती है। शिविर के माध्यम से जानकारी दी गई कि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के सदस्यों का उत्पीड़न रोकने कानून बनाया गया है। छुआछुत एवं अन्य घिनौने कृत्य देखे जाते थे। भारत के संविधान में इन कृत्यों को अपराध की श्रेणी में लेकर उनके निवारण की व्यवस्था की गई है। इसके लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (उत्पीड़न एवं छुआछुत निवारण) अधिनियम 1989 का सृजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरूष एवं महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी थी।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ



**रायगढ़, 11 अगस्त।** महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने आज कैलाश नाथ काटजू प्राथमिक शाला में बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर वार्ड पार्षद श्रीमती ईश कृपा तिर्की भी उपस्थित रही। महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने कहा कि कृमि संक्रमण चक्र की रोकथाम के लिए यह दवाई सभी बच्चों को देना आवश्यक है। कृमि नियंत्रण की दवाई कृमि संक्रमण की रोकथाम करती है। कृमि मुक्ति दिवस के दिन बच्चों को दवा सेवन अवश्य कराया जाना चाहिए जिससे कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर, बौद्धिक विकास, एनीमिया के रोकथाम में सुधार हो सके सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं शासकीय विद्यालयों, प्राप्त निजी स्कुलों, तकनीकी शिक्षा संस्थानों के माध्यम से 1 से 19 वर्ष के बच्चों, किशोर/किशोरियों को कृमिनाशक दवा एल्बेण्डाजॉल 400 मि.ग्रा की गोली का सेवन कराया गया है तथा मॉप-अप दिवस 17 अगस्त 2023 को किया जाना है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.टी.जी. कुलवेदी ने बताया कि रायगढ़ जिले हेतु 449588 बच्चों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

तीन दिनों के अंदर जवाब देने का निर्देश

# कृषि एवं कीटनाशक दवाइयां की दुकानों पर छापा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 11 अगस्त।** खरीफ 2023 में जिले के कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त कृषि आदान सामाग्री यथा- उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुये जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में संचालक कृषि एवं कलेक्टर गरियाबंद के निर्देशानुसार एवं उप संचालक कृषि के मार्ग दर्शन में संचालनालय कृषि छ.ग. रायपुर से उड़नदस्ता के रूप में सहायक संचालक कृषि सुश्री जगत जननी यादव के नेतृत्व में रमेश कुमार सहायक संचालक कृषि गरियाबंद, बी. आर. साहू, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड फिंगेश्वर तथा श्री प्रियतम कुमार अनंत निरीक्षक विकासखण्ड फिंगेश्वर द्वारा विकासखण्ड फिंगेश्वर के राजेश खाद भंडार राजिम, अन्नपूर्णा एग्रो एजेंसी राजिम, किसान कृषि सेवा केन्द्र राजिम, प्रतीक कृषि केन्द्र बकली एवं किसान कृषि केन्द्र बकली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसान कृषि सेवा केन्द्र राजिम में बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र एवं बिना बिल बुक के अधिक मात्रा में ऐसे कीटनाशक पाये गये जिसमें उत्पादन तिथि व अवसान तिथि का उल्लेख नहीं था एवं कुछ कीटनाशक मे स्टीकर लगाकर अवसान तिथि को छुपाया गया था जो कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 का उल्लंघन किये जाने के कारण सील बंद की कार्यवाही की गई तथा प्रतीक कृषि केन्द्र बकली एवं किसान कृषि केन्द्र बकली का निरीक्षण के दौरान कालातित दवाईयों का उचित रखरखाव नहीं करने, अभिलेखों का संधारण नहीं करने, बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के कीटनाशी दवाईयाँ का विक्रय करने के कारण कीटनाशी दवाईयों को जब्त कर सुपुर्दगी की कार्यवाही करते हुये आगामी आदेश पर्यन्त तक विक्रय प्रतिबंध किया गया। साथ ही संबंधित विक्रेताओं को नोटिस जारी कर 03 दिवस के भीतर जवाब तलब किया गया है। अवैध रूप से खाद, बीज एवं कीटनाशक का व्यवसाय करने वालो से समाग्री का क्रय न करे एवं क्रय करने के उपरांत दुकानदार से पक्का बिल लेवें तथा अवैध तरीके से व्यवसाय करने वालों की सूचना देने हेतु आग्रह किया गया है।

### बिजली स्कूल में बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई गई



**फिंगेश्वर, 11 अगस्त।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस देश के प्रत्येक बच्चे को कृमि मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय,भारत सरकार की एक पहल है।राज्य शासन के निर्देशानुसार 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया।इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर नवमी से बारहवीं तक के छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि एल्बेंडाजोल एक सुरक्षित दवा है।इस दवा से पेट मे कीड़ो या कृमियों को समाप्त करने के लिए दी जाती है।एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने से बच्चे खून की कमी (एनीमिया) के शिकार से बच सकते है।यह टेबलेट बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए 01 से 19 वर्ष तक बच्चों को खिलाना जरूरी है।हमें पीने के पानी को हमेशा ढँक कर रखना चाहिए। शौचालय का उपयोग करने से पहले और बाद में नियमित रूप से साबुन और गर्म पानी से हाथ धोने से आंतों के कीड़े से बचा जा सकता है। आज जो छात्र छात्राएं गोली नहीं खा पाए है उन्हें मॉक अप दिवस के दिन गोली खिलाई जावेगी। इस अवसर पर प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,नरेन्द्र कुमार वर्मा,गीतांजली नेताम,संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा,व्यायाम शिक्षक नकुल राम साहू,रुद्रप्रताप साहू,दुष्यंत साहू,भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# अमर अग्रवाल ने बैठक लेकर लोगों से स्थानीय मुद्दों की जानकारी ली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 11 अगस्त। भाजपा के प्रदेश पूर्वमंत्री अमर अग्रवाल ने गरियाबंद के सर्किट हाउस परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न सामाजिक संगठन के साथ चर्चा कीया उन्होंने सभी को पूरी ताकत से जुटने पर जोर दिया। पार्टी सूत्रों की मानें तो भाजपा वादा खिलाफी के मुद्दों में कांग्रेस सरकार को घेरने के विचार में है, वहीं दूसरी ओर भाजपा सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्थानीय मुद्दों को लेकर अपनी बात घोषणा पत्र में रखेगी,आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण से किन किन मुद्दों और मांगों को चुनावी घोषणा पत्र में शामिल किया जा सकता है इसे लेकर बीजेपी घोषणा पत्र समिति के प्रदेश सहसंयोजक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने आज गुरुवार को गरियाबंद सर्किट हाउस में बैठक ली।बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठन, सरकारी कर्मचारी संगठनों, धार्मिक संगठनों के अलावा वकील,, शिक्षक, प्रोफेसर, पटवारी, व्यापारी और पेंशनर संघ के प्रमुख पदाधिकारियों, फुटकर व्यवसायियों, मजदूरों, किसानों सहित हर तपके के लोगो से चर्चा कर उनका सुझाव लिया। इसके अलावा पूर्व मंत्री अग्रवाल ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भी अलग से चर्चा कर उनकी राय और उनका सुझाव लिया ।जो हम कर सकते है वही हमारे घोषणा पत्र में शामिल होगा- पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल

पार्टी की घोषणापत्र के लिए जानभावनयें आवशायक है लोगो की ज़रूरतों को देखते हुए हम विधानसभा स्तर तक जाएँगे सारे क्षेत्र के सारे वर्ग के लोगो से मिलेंगे उनकी भावानाओ को समझेंगे और एक सुझाव पेटी भी 20 दिन रहेगी और उन सारी बातो का आकलन कर के ज़्यादा से ज़्यादा जनभावना का सामवेश हम अपने घोषणा पत्र मे कैसे करे उस पर बात रखी जाएगी मेरे दौरे के दौरान अधिकांश जगह कांग्रेस ने जो पिछले बार घोषणा पत्र बनाया था उसके वादा खिलाफ़ी के लिए लोग शिकवा शिकायत कर रहे है वो नौबत हमारे सरकार के साथ ना आए हमारा घोषणा पत्र अधिनियम के तहत होगा जिससे ये वादा खिलाफ़ी का आरोप हमारी सरकार पर ना लगे उन सारी बातो का आलकन कर के जो हम कर सकते है उन्हीं बातो का सामवेश कर के लोकभावनाओं का पूर्ति करने का पूरा प्रयास हम करेंगे,इस दौरान उनके साथ घोषणा पत्र समिति के सदस्य संदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष राजेश साहू जिला अध्यक्ष राजेश साहू मुरलीधर सिंह सांस्कृतिक प्रकोष्ठ पूर्व सहसंयोजक आशीष शर्मा, महामंत्री अनिल चंद्राकर जिला कोषाध्यक्ष राहुल सेन नगर के वरिष्ठ पार्षद व भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता वंश गोपाल सिन्हा गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटके राजेश अवस्थी आशीष सिंडे धनंजय नेतम पूर्व नपा अध्यक्ष मिलेशवरी साहू तनु साहू पुष्पा साहू आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे

# हाथियों ने तौरंगा गांव पहुंच बाड़ी को किया तहस-नहस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम (पांडुका),11 अगस्त।** वन परिक्षेत्र पांडुका और फिंगेश्वर इन दिनों हाथियों का सुरक्षित विचरण केंद्र और स्टेशन बना हुआ है यह हाथी पिछले लगभग 4 सालों से फिंगेश्वर और पांडुका परिक्षेत्र से होकर धमतरी जिला और महासमुंद जिला आना-जाना कर रहा है। जिसका मुख्य स्टेशन ग्राम तौरंगा के ऊपर जंगल ,झरझरा मंदिर और बंनपैसा जंगल सहित नांगझर के जंगल भी शामिल है बता दे की पिछले लंबे वक्त के बाद हाथियों का दाल में से दो दतेल हाथी पैरी नदी पार कर घटारानी जंगल जमाही मार्ग तक पहुंच गया था।पर वहां से पुनः फुलझर खदरही वापस होते हुए साकरा बीट के पागल बांध होते हुए तौरंगा गांव में रात्रि लगभग 1 बजे माधवराम सेन के घर से लगे बाड़ी में पहुंच गया दोनों दंतेल ने खूब उत्पात मचाया और घर में लगे सब्जी भांजी सहित केला, पपीता, और गन्ना को खूब नुकसान पहुंचाया इसके बाद जतमई मुख्य मार्ग होते हुए । बन पैसा जंगल की ओर चला गया। तो वही पीड़ित माधवराम सेन ने बताया कि इससे पहले भी हाथी मेरे खलिहान और बाड़ी में पहुंच चुका है ।उस समय खलिहान में रखे धान को नुकसान पहुंचाया था। पता नहीं मेरे ही बाड़ी में हाथियों का आना-जाना क्यों है। बता दें कि हाथी के दल में से एक और दूसरा हाथी बीती रात्रि पैरी नदी पार कर गरियाबंद मुख्य मार्ग 130 होते हुए नागझर, विजयनगर होते हुए बनपैसा जंगल में विचरण कर रहे हैं वन विभाग से मिली जानकारी अनुसार तीनों हाथी अभी आपस में मिल गए हैं और शाम को होते हैं फिर इनका मोमेंट चालू हो जाएगा हालांकि वन विभाग की टीम आगे पीछे लगे हुए हैं एवं पूरी रात गश्त कर रहे हैं साथ ही लोगों को समझाइश भी दे रहे हैं ताकि किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना ना हो जन हानि धन हानि से बचे रहे और इन हाथियों को सुरक्षित जंगल की ओर जाने दे इस प्रकार परिक्षेत्र अधिकारी पांडुका तरुण तिवारी ने लोगो से अपील कर रहे हैं।साथ ही शाम और रात को आने जाने वाले राहगीरों खासकर जतमई मार्ग पर आने जाने वाले को ,,पर कुछ लोग जान बुचकर वन विभाग की बातों को अनसुना और नजरअंदाज कर रहे हैं। कही यह नजरअंदाज भारी ना पड़ जाए मौके पर रेंजर, डिप्टी रेंजर, बिट गार्ड सहित गज दल के सदस्य गस्त कर रहे हैं और हाथियों के हर मूमेंट पर नजर बनाए हुए हैं।बाहर हाल हाथियों के उत्पात से जिन किसानों का नुकसान हुआ है उन्होंने वन विभाग मुआवजे की मांग की है।

# जर्जर भवन में आदिवासी विकास विभाग कर रहा आश्रम का संचालन, बच्चे छोड़ रहे आश्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 11 अगस्त।** जिले के सबसे बड़े ब्लाक भैरमगढ़ में आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित आश्रमों का हाल बेहाल हैं। यहां के आश्रमों की दुर्दशा को देख बच्चे आश्रम छोड़कर अपने घर जाने को मजबूर हो रहे हैं। भैरमगढ़ के मिरतुर में बेचापाल विस्थापित आश्रम का संचालन पिछले 18 सालों से एक जर्जर भवन में किया जा रहा हैं। भवन को देखकर खण्डर जैसा प्रतीत होता हैं। आश्रम भवन के अंदर गंदगी फैली हुई हैं। कई सालों से भवन की न तो मरम्मत हुई है और न ही रंग रोगन के काम हुए हैं। जबकि भवन मरम्मत व रंगाई पोताई के लिए बजट भी दिया जाता हैं। बावजूद यह राशि भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं। ट्राइबल विभाग के जिम्मेदारों ने शायद ही इस ओर सुध लिया हो। लिया होता तो आदिवासी बच्चों के आवासीय आश्रम की यह हालत नहीं रहती। 100 सीटर विस्थापित बालक आश्रम बेचापाल की जर्जरता व गंदगी के चलते बच्चे आश्रम छोड़कर जा अपने घर जा रहे हैं। इसके चलते अब आश्रम में 50 बच्चे से भी कम रहे गए हैं। बेचापाल आश्रम के अधीक्षक रूपाराम कडती ने बताया कि ये आश्रम पूर्व में बेचापाल में चल रहा था। वर्ष 2005 -6 में इसे मिरतुर में शिफ्ट कर दिया गया। तब से इसका संचालन यही हो रहा हैं। उन्होंने बताया 2 साल पहले जर्जर भवन को लेकर मंडल संयोजक को लिखित रूप से जानकारी दिया था। लेकिन अब तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाई हैं।

#### किचन शेड नहीं, बोर भी खराब

बालक आश्रम बेचापाल अधीक्षक रूपाराम कडती के मुताबिक आश्रम का बोर भी खराब हो गई हैं। बच्चे पानी बाहर से ला रहे हैं। अधीक्षक के मुताबिक आश्रम में किचन शेड भी नहीं हैं। वैकल्पिक व्यवस्था कर बच्चों के लिए खाना बनाया जा रहा हैं।

#### कागजों में बन गई बाउंड्रीवॉल

अधीक्षक रूपाराम कडती ने बताया कि आश्रम के लिए 200 मीटर बाउंड्रीवॉल सेंसन हुआ था। बाउंड्रीवॉल का नीव ही खोदा गया। उसके बाद इसका कोई काम नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि उनको पता चला है कि बाउंड्री वॉल कागजों में बनाकर ठेकेदार द्वारा पैसे का आहरण कर लिया गया हैं।

#### क्या कहते है जिम्मेदार

इस बारे में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त एके मशराम ने कहा कि उनके पास फिलहाल बजट नहीं हैं। जिला खनिज न्यास निधि से सेंसन करवाकर भवन को जल्द से जल्द ठीक करवाता हूँ। मंडल संयोजक को दौरा करने के लिए कहा गया है। वे क्यों नहीं रहे, मैं देखता हूँ।

## समाचार संक्षेप

### जिले के सभी तहसीलों में नि:शुल्क खसरा एवं बी-1 का वितरण जारी



**बीजापुर 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन रायपुरके निर्देशानुसार प्रत्येक भूमिस्वामी कृषक को मानक प्रचालन प्रणाली अर्नतगत उनके स्वामित्व के भूमी के खसरा एवं बी-1 वितरण कराए जाने हेतु बीजापुर जिले में कार्रवाई शुरू की जा चूकी है जिसके अर्नतगत 562 गांवों में भूमी स्वामी को खसरा एवं बी-1 नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा। जिसके लिए सभी तहसीलों में कार्रवाई शुरू की जा चूकी है। सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी पत्र में वितरण हेतु समयबद्ध कार्ययोजना जारी की गई पत्र के अनुसार मानक प्रचालन प्रणाली ([illegible]) प्रत्येक भूमिस्वामी कृषक को उनके स्वामित्व के भूमि के खसरा एवं बी-1 के वितरण हेतु निर्देशित किया गया है।

### कलेक्टर ने फसल बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**बीजापुर 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम एवं कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने फसल बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।भारत सरकार की इस बीमा योजना को छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा किया जा रहा है ।रथ के माध्यम से जिले के सभी विकासखंडो के अलग-अलग गांवों मे जाकर योजना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।योजना के तहत खरीफ 2023 मे अधिसूचित फसलें टमाटर, बैंगन,मिर्च, अदरक, केला, पपीता एवं अमरुद का बीमा किया जाएगा।बीमा हेतु प्रीमियम राशि कुल बीमित राशि का 05 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर टमाटर हेतु 6 हजार रुपये, बैगन 3850 रुपये, मिर्च 3400 रुपये, अदरक 7500रुपये, केला 4250 रुपये, पपीता 4350 रुपये एवं अमरुद 2250 रुपये कृषकों द्वारा देय होगी।किसान इस योजना के तहत निकटतम बैंक शाखा/समिति, सीएससी, डाकघर, और राष्ट्रीय बीमा पोर्टल (एनसीआईपी) के माध्यम से अपने फसलों का बीमा अंतिम तिथि 16 अगस्त के पूर्व करा सकते है।

### सड़कों पर मवेशी मिलने पर पशुपालकों से वसूला जा रहा जुर्माना



**बीजापुर 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में सड़कों पर आवारा पशुओं के विचरण पर रोकथाम के लिए जिला प्रशासन कार्रवाई कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों, सार्वजनिक स्थानों, उद्यानों में पशुओं के विचरण करते पाए जाने पर संबधित पालकों से जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही पशुओं को निकटतम कांजी हाउस भेजा जाएगा। पुनरावृत्ति होने पर जुर्माना राशि के साथ पशु अतिचार अधिनियम के तहत पशुपालकों पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार विभागीय अमला आवारा पशुओं को पकड़ने एवं पशुपालकों के ऊपर चालानी कार्रवाई कर रही है। उप संचालक पशुधन विभाग डॉ. एसएस राजपूत ने बताया कि भैरमगढ़ से लेकर भोपालपटनम तक राष्ट्रीय राजमार्ग में विभागीय अमला के संयुक्त टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है और पशुपालकों से जुर्माना वसूल की जा रही है। कार्रवाई करने वाले टीम मुख्यत: नगरीय निकाय, पशुधन विभाग, पुलिस एवं ट्रेफिक पुलिस के अमला शामिल है। डॉ. राजपूत ने बताया कि कई कांजी हाऊस को फिर से सक्रिय करते हुए आवारा पशुओं को कांजी हाऊस में रखा जा रहा है। वहीं अभी तक 5 हजार से ज्यादा राशि की वसूली भी की जा चूकी है। भोपालपटनम के संगमपल्ली गांव में 16 पशुओं को जब्त कर जुर्माना वसूल किया गया। जिसमें गाय के लिए 200 और भैंस के लिए 300 रूपए जुर्माना निर्धारित की गई है।रेडियम बेल्ट लगाने से होगी राहगीरों को सुविधा जिले में अब तक 416 पशुओं के गले में रेडियम पट्टी लगाई जा चुकी है जो रात में रोशनी पड़ने पर चकमता है जिसके वजह से वाहन चालकों को सुविधा हो रही है और दुर्घटना में भी कमी आएगी। रेडियम बेल्ट के साथ-साथ आवारा पशुओं की टैटिंग भी की जा रही है। विभागीय अमला सड़क को आवारा पशुओं और मवेशियों से निजात दिलाने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने का कार्य लगातार कर रही है।

### स्तनपान जागरूकता सप्ताह में गांवों की महिलाओं को स्तनपान के लिए किया जा रहा जागरूक

**बीजापुर 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में स्तनपान जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य महिलाओं को स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें स्वास्थ्यपूर्ण शिशु पोषण के फायदों के बारे में जानकारी प्रदान करना है।इस कार्यक्रम के अंतर्गत गांव की विभिन्न महिलाएं को बीजादूतीर स्वयंसेवकों द्वारा विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में स्तनपान के आदर्शों को समझने का मौका प्राप्त किया। विशेषज्ञ चिकित्सकों और आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा संचालित गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं को स्तनपान के फायदों और सही तरीके के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

बीजादूतीर स्वयंसेवकों द्वारा स्तनपान का महत्व बताया गया और यह भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए कि शिशु के स्वास्थ्य के लिए शिशु को न्यूनतम छह महीने तक केवल मां का दूध पिलाना चाहिए। इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से बीजापुर जिले में महिलाएं स्वास्थ्यपूर्ण स्तनपान के महत्व को समझने और अपने शिशु के स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए प्रेरित हुई हैं। जिला कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से ब्लॉक भैरमगढ़ में ब्लॉक समन्वयक भारत कराम बीजापुर ब्लॉक में कुमारी हर्षिता पंडा, उसुर ब्लॉक से पूजा तथा भोपालपटनम ब्लॉक में योहन लटकर के संचालन मे बीजादूतीर स्वयंसेवकों द्वारा गांव की महिलाएं को स्वास्थ्य और पोषण के मामले में सक्षम होने की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं।

### ईटपाल रीपा में समूह की महिलाओं को सेनेटरी पैड बनाने का दिया प्रशिक्षण

**बीजापुर 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) ईटपाल में एक दिवसीय सेनेटरी नैपकिन बनाने का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में कोत्तापाल की नव दुर्गा समूह एवं आवापल्ली की महिलायें शामिल हुई।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की महत्वकांक्षी योजना रीपा के तहत जिले के 8 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए एवं रोजगार को बढ़ावा देने के लिए यह योजना लागू की गई है। इसी क्रम में ईटपाल रीपा में एक और उद्योग को संचालित करने के उद्देश्य से सेनेटरी बनाने वाली मशीन को स्थापित किया गया है। मशीन से सेनेटरी पैड बनाने के प्रशिक्षण हेतु मुंबई से ट्रेनर श्री सुखराज को बुलवाकर महिलाओ को सेनेटरी पैड बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बीजापुर ने बताया कि ईटपाल में एक और उद्योग को संचालित किया।

## एक नजर

### कावड़ यात्रा 13 अगस्त को



**दल्लीराजहरा 11 अगस्त।** सावन के महीने में प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी सैकड़ों की संख्या में शिव मंदिर पुजारी लखन गिरी गोस्वामी से के नेतृत्व कावड़ यात्रा रविवार 13 अगस्त को प्रारंभ होगा जनपद सदस्य संजय बैंस ने बताया की हर वर्ष हम सावन के महीने कुसुमकसा शिव मंदिर से झरन मंदिर दल्लीराजहरा प्रत्येक वर्ष जाया जाता रहा है इस वर्ष भी कावड़ यात्रा की तैयारी का भव्य आयोजन के लिये राम जानकी सेवा समिति एवं स्थानीय ग्रामीण जन जुट गये है समिति अधक्ष्य गौरी शंकर साहू ने बताया की कावड़ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धलुओं को कावड़ की व्यवस्था समिति द्वारा दी जावेगी । यात्रा को विशाल एवं भव्य रूप देने शिव जी की झांकी ,वाद्य यंत्र डीजे सहित अन्य प्रकार की व्यवस्था की जा रही है । कावड़ यात्रा में महिलाओं का उत्साह अभूतपूर्व दिख रहा है युवाओं में खासा उत्साह है कावड़ यात्रा का राजहरा पहुंचते ही जगह जगह स्वागत किया जाता है इस आयोजन को सफल बनाने सभी ग्राम वासी लगे हुए है।

### स्वीप के तहत विविध कार्यक्रम सहित रैली का आयोजन

**बलौदाबाजार,11 अगस्त।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत पेंटिंग, रंगोली मानव श्रृंख्ला सहित रैली का आयोजन किया जायेगा। स्वीप के नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे के बीच में संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में किया जायेगा। पेंटिंग एवं रंगोली की थीम लोकतंत्र का पर्व मनायेंगें, वोट डालने जरूर जायेंगें निर्धारित की गई है। उक्त प्रतियोगिता में स्कूली बच्चे भाग ले सकते है। विजेताओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र सहित पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। साथ ही 20 उत्कृष्ट छात्रों की पेंटिंग को लोकतंत्र की दिवार के नाम से संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के डिस्प्ले किया जायेगा। इसके साथ ही दोपहर 1 बजे जिला कार्यालय से गार्डन चौक एवं बस स्टैण्ड होते हुए पं.चक्रपाणी स्कूल तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा।

# श्रम विभाग की योजना राशि गबन के मामले में अब तक पुलिस में जुर्म दर्ज नहीं

**तीनों पीड़ित आदिवासी महिलाओं ने न्याय के लिए सप्ताह भर पूर्व लगाई थी गुहार, तत्कालीन श्रम निरीक्षक, एजेंट मीना वर्मा सहित बैंक कर्मी पर लगे थे कई आरोप**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 11 अगस्त।** जिला श्रम विभाग बलौदाबाजार के संबंध में सप्ताह भर पूर्व एक बड़ा मामला सामने आया था जिसमें कूटरचना कर छल-धोखे से अनुदान राशि गबन करने की शिकायत मुख्यालय के समीप एक ही ग्राम कोलियारी की तीन पीड़ित आदिवासी महिला तीजन बाई ध्रुव, रम्हीन ध्रुव, टिकेश्वरी ध्रुव सभी ग्राम कोलियारी निवासी ने की है द्य तीनों पीड़ित महिलाओं ने राज्यपाल, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं उच्च अधिकारियों के समक्ष शपथ पत्र सहित शिकायत पत्र दे कर मामले में कार्यवाही किये जाने सहित अवगत कराया था कि उनके स्व. पति के नाम से श्रम विभाग में छत्तीसगढ़ भवन सन्निर्माण योजना के तहत पंजीयन था जिसके अंतर्गत मृत्यु होने पर मृतक की नॉमिनी को 1 लाख रूपये की अनुदान राशि मिलती है द्य पति की मृत्यु होने पर योजना का लाभ लेने पीड़ित महिलाये अपने-अपने हिसाब से संयुक्त कलेक्टर कार्यालय बलौदाबाजार के जिला श्रम विभाग कार्यालय पहुंची थी जहां उनकी मुलाकात श्रम निरीक्षक से हुई द्य पीड़ितों का कहना है कि उक्त श्रम निरीक्षक ने ही उन्हें ग्राम रवान निवासी मीना वर्मा से परिचय कराया कि यह श्रम कार्यालय में एजेंट के रूप में कार्य करती है और मीना वर्मा ही आपको योजना का लाभ दिला सकती है द्य श्रम निरीक्षक ने सारे दस्तावेज मीना वर्मा के पास जमा करने को कहा और जैसा मीना वर्मा कहेगी वैसा ही करने को कहा गया था द्य



पीड़ितों के शिकायत पत्र अनुसार श्रम निरीक्षक के मार्गदर्शन में उन्होंने सारे दस्तावेज मीना वर्मा को सौप दिये थे द्य कुछ दिनों बाद मीना वर्मा अपनी सहेली रुखमणी वर्मा जो समीप ग्राम करमदा में रहती है उनके यहां पीड़ितों को बुलाकर ऑनलाईन आवेदन के नाम पर अपने साथ लाये लैपटॉप कंप्यूटर मशीन में अंगूठे का निशान भी लिया था द्य पीड़ित महिलाये जब भी श्रम विभाग के श्रम निरीक्षक एवं एजेंट मीना वर्मा से सम्पर्क कर अनुदान राशि की स्वीकृति के बारे में पूछते थे तो उक्त दोनों ही व्यक्ति कोई ना कोई बहाना बना कर हमें वापस भेज देते थे द्य हाल ही में जब बड़ी मुश्किल मदद के बाद सभी पीड़ितों को ऑनलाईन के माध्यम से पता चला कि दिनांक- 20.10.2021 को यानि 21 माह पूर्व ही सभी की राशि स्वीकृत होकर बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा भाटापारा के खाते में चली गई है जबकि पीड़ितों का कहना है कि हमने कभी भी उक्त बैंक में खाता नहीं खुलवाया द्य पीड़ितों के शिकायत पत्र अनुसार वे खुद परेशान है कि बिना उनकी सहमति से आखिर बैंक में खाता खुला कैसे ? इस प्रकार की प्रतिक्रियां से अब प्रार्थीगणों को यकीन हो गया है कि श्रम निरीक्षक, एजेंट मीना वर्मा एवं बैंक के अधिकारी/कर्मचारी आदि ने कूटरचना रचकर उनकी राशि गबन की है द्य सोचने वाली बात यह भी है कि उक्त महिलाओ के लिए जिला मुख्यालय बलौदाबाजार समीप था फिर उनकी बिना जानकारी के इतनी दूर भाटापारा के बैंक में ही खाता क्यूँ खोला गया इससे भी षड्यंत्र रचना प्रतीत हो रहा है द्य फिलहाल पीड़ित सभी आदिवासी महिलाओं ने अपराध पंजीबध्द कर दंडात्मक कार्यवाही सहित योजना की उक्त गबन राशि लौटाने की भी मांग शपथ पत्र सहित शिकायत पत्र में लिखित में कर न्याय की गुहार कर रही है द्य जिस पर पुलिस ने अब तक एफ.आई.आर. दर्ज नहीं की है जो भी शंका का विषय है उक्त संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी आजाद सिंह पात्रे का कहना है कि प्रार्थीगण पुलिस में एफ.आई.आर. दर्ज करावें, पुलिस कार्यवाही में ही सच सामने आएगा कि आखिर बिना सहमति के खाता खुला कैसे? और कौन-कौन लिप्त है उनका नाम भी सामने आएगा द्य

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा का कहना है कि उक्त संबंध में आवश्यक जॉच कराकर जल्द अपराध पंजीबध्द कराकर कार्यवाही कराये जाने का आश्वासन दिया है द्य

उक्त संबंध में मीना वर्मा से पूछे जाने पर बताया गया कि श्रम विभाग में वो पहले एजेंट के रूप में काम करती थी अब नहीं करती है, और केवल श्रम निरीक्षक मंडलेश्वर सर को एवं ग्राम करमदा निवासी रूखमणी वर्मा को जानती हूं, वही मीना वर्मा के द्वारा शिकायतकर्ता तीनों प्रार्थियों को वो निजी तौर से नहीं जानने की बात कही गई है।

वही उक्त संबंध में प्रार्थी टिकेश्वरी ध्रुव ने प्रेस के पास रूखमणी वर्मा से मोबाईल आदि की रिकॉर्डिंग सौपी है, जिसमें बातचीत दौरान रूखमणी वर्मा ने मीना मैडम से मिलाना स्वीकार करते हुए बताया कि जब योजना की राशि आई तो मीना मैडम ने उन्हें भी नहीं बताया और अब शिकायत होने पर मैडम ने बताया कि उन्होंने उक्त राशि को गॉव की ही अन्य महिलाओ के हाथों सभी प्रार्थियों के पास योजना राशि नगद भेजी थी किन्तु उक्त महिलाओं ने अब तक राशि नहीं दी इसलिए मैडम का इसमें कोई दोष नहीं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा मांगों का ज्ञापन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 11 अगस्त।** छह सूत्रीय मांगों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन, रखी अपनी बात। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र की छह सूत्रीय मांगों को लेकर गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अपनी बातों को रखा। ज्ञापन में बताया कि जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना में हुए भ्रष्टाचार के दोषियों पर कार्रवाई की मांग रखी। इसके अलावा अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद से महिला समूहों को दिए गए ऋण में धांधली करनें वालों पर कड़ी कार्रवाई करनें व महिला समूह पर दिए गए जबरदस्ती ऋण को शून्य करनें, विधानसभा क्षेत्र की बदहाल सड़को का निर्माण, ग्राम हरनसिंघी व नागतराई के ग्रामीणों को बिजली बिल जमा करनें मेढा जाना पड़ रहा है, जिसे वापस अछोली करनें की मांग, किसानों को चना फ़सल बीमा की राशि जल्द दिलानें तथा नकली खाद बनानें वालें लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनें की मांग भाजपा कार्यकर्ताओ ने की। इस अवसर



पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर, मंडल अध्यक्ष अमित जैन, ग्रामीण अध्यक्ष जैनकुमार मेश्राम, एलबी नगर अध्यक्ष बोधी साहू, हेमलाल वर्मा, तामेश्वर साहू, शशिकांत द्विवेदी, छबिल साहू, लेखराज वर्मा, हेमलाल साहू, संतोष राव, मुरली गेडाम, संतोष अग्रवाल, कचरू साहू, अमित छाबड़ा, उपकार साहू, राघवेंद्र वर्मा, सुमित मिश्रा, मनीष चक्रवर्ती सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बारनवापारा अभयारण्य में विश्व हाथी दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,11 अगस।** छत्तीसगढ़ के आकर्षक अभ्यारण्य में विख्यात बारनवापरा अभ्यारण्य में 12 अगस्त को विश्व हाथी दिवस के अवसर पर जन-जागरूकता संबंधी विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस अवसर पर 12 अगस्त को शाम 4 बजे से 5 बजे तक ऑनलाईन क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसके लिए अपना निःशुल्क पंजीयन वेबसाईट में 11 अगस्त को शाम 5 बजे तक कर सकते है। प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री व्ही. श्रीनिवास राव के निर्देशानुसार प्रधान मुख्य वन संरक्षक(वन्यप्राणी) श्री सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व हाथी दिवस पर अभ्यारण्य में कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार श्री मयंक अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला में भारतीय डाक विभाग के द्वारा बारनवापारा अभ्यारण्य के जंगली हाथियों के पोस्टल लिफाफा, पोस्ट कार्ड एवं डाक टिकट का विमोचन किया जाएगा, जिससे डाक सुविधा के माध्यम से जंगली हाथियों के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश जन-जागरूकता के उद्देश्य के साथ व्यापक स्तर पर पहुंच सके। पोस्टल विमोचन के उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित लोंगो को बारनवापारा अभ्यारण्य में हाथियों के रहवास वाले क्षेत्रों में भ्रमण कराया जाएगा। जिससे जन सामान्य तक बारनवापारा में हाथियों की उपस्थिति और इस पारिस्थिकीय तंत्र के



महत्व का पता चल सके। ''विश्व हाथी दिवस'' पर आयोजित उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जंगली हाथियों के संरक्षण एवं संवर्धन में जनमानस का योगदान एवं हाथी-मानव द्वंद्व को कम करना तथा इस पारिस्थितिक तंत्र को संतुलित रखने का प्रयास करना है। अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य श्री आनंद कुदरया ने बताया कि यहां वर्तमान में स्वच्छंद विचरण करने वाले वन्य प्राणियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। वन विभाग द्वारा पर्यटकों के ठहरने के लिए उत्तम व्यवस्था की गई है। जिसमें सभी तबकों के हिसाब से 34 कमरे बनाए गए हैं। आमोद-प्रमोद हेतु पर्यटन ग्राम में बारनवापारा अभ्यारण्य में झूला, ओपन थिएटर तथा इंटरप्रिटेशन सेंटर मौजूद है। बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र के अंतर्गत 18 ग्राम शामिल हैं।

# राज्य विकास अनुसंधान केंद्र की चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलोदाबाजार 11 अगस्त।** नगर के पं लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राज्य विकास अनुसंधान केंद्र रायपुर के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने विद्यालय मे चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं भारत माता के तैलचित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित एवं पूजन कर आमंत्रित अतिथियों के द्वारा किया गया । प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को राज्य विकास अनुसंधान केंद्र रायपुर द्वारा प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन विकास समिति की



अध्यक्ष श्रीमती कांति दिगंबर साहू के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य के बारे में श्री संजय जोशी एवं श्री दानसिंह देवांगन के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के प्रासंगिकता के बारे मे विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ भूपेंद्र गिलहरे व्याख्याता ने आजादी के दीवाने अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को समर्पित देश भक्ति ÷ वीर जिनके याद केवल रह गए, आजादी के दिन सुहानी दे गए ÷ गीत प्रस्तुत किया।रंगोली प्रतियोगिता में भावना ध्रुव कक्षा 9 वी ब प्रथम, पूर्णिमा साहू 10 वी अ द्वितीय, शिवानी जांगड़े 9 वी तृतीय स्थान प्राप्त किये। चित्रकला प्रतियोगिता में भारती निषाद 11 वी बायो प्रथम, रुचि कुशवाह 12 वी बायो द्वितीय, हर्ष डहरिया 11 वी बायो तृतीय स्थान प्राप्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं आभार प्रदर्शन संस्था के प्राचार्य श्री एन पी साहू ने किया।

# रीपा से स्वरोजगार की उम्मीद,काष्ठ शिल्प से महिलाएं दिखा रही है अपना हुनर

**बलौदाबाजार,11 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ शासन की गौठान को रूरल इंडस्ट्री पार्क रीपा बनाने की परिकल्पना अब साकार होने लगे है। साथ इसके नित नये सकारात्मक परिणाम मिलने लगे है। रीपा के माध्यम से स्वरोजगार के नये अवसर की तलाश में पलारी विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम गिर्रा स्थित जय तुलसी स्व सहायता समूह की महिलाएं काष्ठ शिल्प की माध्यम से अपनी हुनर दिखा रही है। समूह की महिलाएं ट्रेनिंग लेकर बड़े पैमाने में काष्ठ शिल्प से संबंधित विभिन्न वस्तुओं एवं डिजाइनों का निर्माण कर रही है। समूह की अध्यक्ष सत्यभामा वर्मा ने बताया कि हमारी समूह में कुल 30 महिलाएं कार्य कर रही है। जो काष्ठ से विभिन्न गिफ्ट आइटम, छत्तीसगढ़ महतारी, चाबी रिंग सहित अन्य वस्तुओं को बनाने का कार्य कर रही है। इसके साथ ही हमारे द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी 2500 रूपये, अन्य गिफ्ट आइटम 200 रूपये प्रति नग एवं चाबी रिंग 30 रूपये प्रति नग की दर से बेचा जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति या संस्था को बड़ी संख्या में गिफ्ट हेतु आर्डर करना चाहते है तो वह समूह के अध्यक्ष 9111918687 में कॉल कर आर्डर दिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत के सहयोग से उक्त उत्पादों को विक्रय के लिए ई-कामर्स कम्पनी अमेजॉन से बातचित जारी हैं जल्दी ही इनके उत्पाद ई-कामर्स पर उपलब्ध होंगें। काष्ठ शिल्प के यह अभिनव प्रयोग जिले में पहली बार हो रही है। निश्चित ही महिलाओं को इससे आर्थिक आमदनी प्राप्त होगी।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की अंचल में काष्ठ कला की परम्परा अत्यंत प्राचीन रही है। यहां के निवासीयों में अपनी विभिन्न आवश्यकताओं के लिए काष्ठ के उपयोग उदाहरण मिलते है।

# मण्डी अध्यक्ष ने बिटकुली हाई स्कूल में नवमी की छात्राओं को साइकिल बांटी



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 11 अगस्त।** राज्य सरकार की नारी शिक्षा को बढ़ावा देने तथा स्कूल ड्राप आउट को कम करने के लिए ,निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना 2023 -24 के तहत शासकीय हाई स्कूल बिटकुली विकासखंड भाटापारा में कक्षा 9वी में अध्ययनरत 37 बालिकाओं को निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि उपज मंडी भाटापारा अध्यक्ष सुशील शर्मा के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया इस अवसर पर एसएमडीसी अध्यक्ष नेतराम देवांगन जनपद सदस्य रामेश्वर ध्रुव ,सरपंच बीरेश यदु,उपसरपंच रमाशंकर ध्रुव,युवा नेता विनोद देवांगन ,साधराम डहरिया, कामता ध्रुव,अरुण जांगड़े और अन्य सम्मानीय ग्रामीण जन पालकगण की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ शाला परिवार की ओर से प्राचार्य रमेश वर्मा व्याख्याता आलोक गायकवाड ,भागीरथी कुर्रे अभिलाष तिवारी ,अजय देवांगन इत्यादि उपस्थित रहे।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202308092200009**

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2022-2023
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- रईश बेग,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रईश बेग पिता अब्दुला वेग उम्र 46 वर्ष जाति मुसलमान निवासी डाक बंगला चौक, मस्जिद पारा वार्ड नम्बर 12, करगी रोड, कोटा जिला बिलासपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। कि आवेदक रईश बैग के पिता अब्दुला बेग पिता समद बेग निवासी गणेश वार्ड नम्बर 10 डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगांव की मृत्यु दिनांक 15.10.2010 को गणेश वार्ड नम्बर 10 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव में हो चुकी है। आवेदक रईश बेग के पिता समद बेग का मृत्यु प्रमाण पत्र आवेदक के परिवार के लोगो द्वारा पूर्व में प्राप्त कर लिया गया था किन्तु उक्त प्रमाण पत्र कही गुम हो गया जिसे ढूंढने पर भी आज पर्यन्त तक प्राप्त नहीं हो पाया है। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के मृत्यु पंजी में दाखिल क्रमांक 253 दिनांक 20.10.2010 तथा प्रमाण पत्र क्रमांक 12741/36 के रूप में दर्ज है। उक्त मृत्यु प्रमाण पत्र की मूल प्रति गुम हो जाने से आवेदक डुप्लीकेट मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। किन्तु अब्दुला बेग पिता का नाम अब्दुल समीर गलत लिखा है उसे त्रुटि सुधार के माध्यम से समद बेग दर्ज किया जावें।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 18.08.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202308092200007**

विषय - अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2022-2023
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- श्रीमती सुमन बाई कंवर,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुमन बाई कंवर पति योगेश कुमार कंवर जाति कंवर निवासी ग्राम कल्याणपुर तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम डोंगरगढ़ प.ह.न. 25 में स्थित ख.न. 626/3 रकबा 0.018हे. भूमि अनावेदक हीरालाल पिता सरयूप्रसाद जाति बनिया सा. डोंगरगढ़ के नाम के पर दर्ज व स्थित है। आवेदिका श्रीमती सुमन बाई कंवर द्वारा ख.न. 626/3 रकबा 0.018हे. भूमि दिनांक 07.03.2018 को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से भूमिस्वामी हीरालाल पिता सरयूप्रसाद जाति बनिया सा. डोंगरगढ़ से क्रय किया है। जिसका भूलवश प्रमाणीकरण नहीं करवाया गया है। अत: आवेदिका श्रीमती सुमन बाई कंवर द्वारा आवेदित/क्रय किया गया भूमि पर से विक्रेता का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 18.08.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202307092200058**

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2022-2023
अछोली प.ह.न. 00022 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- राजेश कुमार राजपूत,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार राजपूत आ. रामचन्द्र सिंह राजपूत जाति राजपूत निवासी ग्राम अछोली तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पिता रामचन्द्र सिंह राजपूत आ. अवधनारायण सिंह का मृत्यु दिनांक 19.04.2023 को स्थान अछोली में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 16.08.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकतें है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/07/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202307092100008
अ/6 अ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दीपक यादव पिता स्व. बुध्दूलाल यादव जाति यादव निवासी वार्ड नं. 18 थाना चौक डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदक के पिता स्व. बुद्धुलाल यादव पिता स्व. अंकालू व सहखातेदार के नाम से डोंगरगढ़ नजूल शहर शीट क्रमांक 1-2 भूखण्ड क्रमांक 568 /1, 569/1 कुल क्षेत्रफल 1.23 वर्गफुट भूमि पर मकान स्थित है। मेरे पिता स्व. बुध्दूलाल यादव की मृत्यु दिनाँक 28/11/2006 को हो चुकी है व सहखातेदार स्व. मंगल की मृत्यु दिनाँक 01/10/2007 को हो चुकी है, व आवेदक की माता जी स्व. देवबती की मृत्यु दिनांक 10/03/2009 को डोंगरगढ़ को हो चुकी है। उक्त भूखण्ड पर से मृतकगण स्व. बुध्दुलाल यादव, स्व. मंगल यादव, स्व. देववती यादव का नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसान (1) दीपक यादव आ. स्व. बुध्दूलाल यादव (2) कमला बाई यादव आ. स्व. बुध्दूलाल यादव (3) फेकन बाई यादव आ. स्व. बुध्दूलाल यादव (4) नरोत्तम यादव आ. स्व. मंगल यादव (5) खोरबाहरा यादव आ. स्व. मंगल यादव (6) उर्मिला बाई बेवा मंगल यादव है का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के फौती नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 06/09/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा । आज दिनाँक 07/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202307092200028**

विषय - अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2022-2023
अछोली प.ह.न. 00022 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- जंगलू,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जंगलू आ0 शोभाराम जाति सतनामी निवासी ग्राम अछोली तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के भाई झरिहार आ. शोभाराम जाति सतनामी के नाम से ग्राम अछोली प.ह. नं. 22 स्थित खसरा नंबर 328/3, 601/3 रकबा क्रमशः 0.032, 0.004 है. कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.036 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। भूमिस्वामी झरिहार की मृत्यु दिनांक 02.12.2014 को डीपरा पारा तहसील व जिला दुर्ग में को हो चुकी है। उक्त भूमि से मृतक झरिहार आ. शोभाराम का नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.08.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202308092200025**

विषय - अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2022-2023
अछोली प.ह.न. 00022 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- गणेश साहू,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेश साहू पिता स्व. श्री रामचंद साहू जाति तेली उम्र 43 वर्ष निवासी बुधवारी पारा वार्ड नम्बर 15 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि ग्राम अछोली प.ह.न. 22 रा.नि.म. बेलगाँव में स्थित खाता क्रमांक 461 में ख.न. 112/1, रकबा 0.931हे. कृषि भूमि देवंतीन पति धनवार जाति तेली सा. बुधवारी पारा वार्ड नम्बर 13 डोंगरगढ़ कर नाम पर दर्ज व स्थित है। भूमिस्वामी देवंतीन पति धनवार जाति तेली सा. बुधवारी पारा वार्ड नम्बर 13 डोंगरगढ़ द्वारा अपने जीवनकाल में आवेदित भूमि का पंजीकृत वसीयतनामा आवेदक गणेश साहू पिता स्व. श्री रामचंद साहू जाति तेली उम्र 43 वर्ष निवासी बुधवारी पारा वार्ड नम्बर 15 डोंगरगढ़ के पक्ष में कर दिया था जिसका पंजीयन कार्यालय डोंगरगढ़ में दिनांक 13.12.2021 को पंजीयन किया गया है। भूमिस्वामी वसीयतकर्ता की मृत्यु दिनांक 13.07.2022 को हो चूका है। अत: आवेदक द्वारा उक्त आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख पर से भूमिस्वामी/वसीयतकर्ता का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज किये जाने आवेदन पत्र, शपथ पत्र, बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.08.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**कार्यलय कार्यलपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-सुकमा, छ.ग.**
**(जिला, जल एवं स्वच्छता मिशन, जिला-सुकमा)**
**"ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना"**

नि. क्र. 198,199,200,201,202,203/नि.प्र./जे जे एम/डी. डब्ल्यू. एस. एम./लो. स्वा. यां. ख./ सुकमा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जल-जीवन मिशन के तहत एकल ग्राम योजनांतर्गत निर्धारित शेड्यूल अनुसार पाईपलाईन विस्तार, उच्च स्तरीय जलटंकी निर्माण, घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय आदि कार्यों हेतु प्रपत्र ''ए'' में ऑनलाईन Online निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| स. क्र. | निविदा क्रं./सिस्टम क्रमांक | लागत (लाख में) | ग्राम/विकासखण्ड/रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 198/143120 | 26.5 | गोगुण्डा/कोण्टा/षष्ठ निविदा |
| 2 | 199/142501 | 11.76 | पसेलपाड़/कोण्टा/सप्तम निविदा |
| 3 | 200/143321 | 17.35 | मिचीगुढ़ा/कोण्टा/अष्टम निविदा |
| 4 | 201/143322 | 47.09 | भट्टीगुढ़ा/कोण्टा/अष्टम/निविदा |
| 5 | 202/143323 | 10.52 | पोरोगुमोड़ी/कोण्टा/नौवां निविदा |
| 6 | 203/143324 | 40.15 | कन्हाईगुढ़ा/कोण्टा/अष्टम निविदा |

नोटः- उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा,निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http;//eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित एवं डाउनलोड की जा सकती है। निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 14.08.2023 तक है।

जी- 04134/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
सुकमा

एक नजर

## युवक के खाते से करोड़ों रुपए का लेन देन करने वाले दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर, 11 अगस्त।** दो युवकों ने एक व्यक्ति के नाम से उत्कर्ष स्मॉल फायनेंस बैंक शाखा में खाता खोलकर करोड़ों रुपयों का लेन-देन किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेन्द्र कुमार भारती 35 वर्ष आदर्श नगर पहाड़ी चौक गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी संजू एवं वैभव शुक्ला भारत माता चौक के पास गुढियारी में जीयो सिम का स्टाल लगाकर सिमकार्ड बांट रहे थे। जिससे प्रार्थी ने भी जीयो सिम लिया था। जिससे आरोपियों ने प्रार्थी से आधार कार्ड, आईडी पेनकार्ड, 2 फोटो व अंगुठा का निशान लगवाकर सिम कार्ड दिया था। जिसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी के कागजात से उत्कर्ष स्मॉल फायनेंस बैंक शाखा में प्रार्थी के नाम से खाता खोलकर करोड़ों रुपयों का लेन-देन देकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## फर्जी दस्तावेज से जमीन का किया नामांतरण, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर, 11 अगस्त।** आकाश गैस गोदाम शिवानंद नगर स्थित 1500 वर्गफीट जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपने नाम कराने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया पूजा शर्मा पति स्व. मनोज शर्मा 29 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके पति के नाम से गोंदवारा में 1500 वर्गफीट जमीन है। जिसका आरोपी राजकुमार शर्मा व पूनम शर्मा ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपने नाम करा लिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थिया को मिली तो उसने इसकी शिकायत खमतराई थाने में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## पूर्व विवाद को लेकर युवक को पीटा

**रायपुर, 11 अगस्त।** महितोष चौक ब्राम्हणपारा में पूर्व विवाद को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दुर्गेश देवांगन 33 वर्ष ब्राम्हणपारा आजाद चौक का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी बाबू मिश्रा एवं विजय मिश्रा ने पूर्व में हुए विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किए।

## रिक्शा चालक पर चाकू से हमला

**रायपुर, 11 अगस्त।** राज टॉकीज के पीछे गोलबाजार में तीन युवकों ने रिक्शा चालक से गाली-गलौज कर चाकू मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रशांत महानंद 26 वर्ष संतोषी नगर टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ई रिक्सा चलाता है। बताया जाता है कि प्रार्थी राज टॉकीज के पीछे गोलबाजार गया था। तभी आरोपी तन्नु अपने दो अन्य साथी के साथ प्रार्थी को रोका और ठीक से रिक्सा नहीं चलाते हो कहते हुए गाली-गलौज कर मारपीट करते हुए चाकू मारकर चोट पहुंचाया।

## युवक पर धारदार हथियार से हमला

**रायपुर, 11 अगस्त।** सुभाष चौक बीरगांव में शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर धारदार हथियार से हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी दिलीप कुमार उपाध्याय 23 वर्ष आजाद चौक बीरगांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के भाई कुलदीप सुभाष चौक के तरफ गया था, तभी आरोपी सागर सिंह परिहार, प्रकाश व लल्लू ने उसका रास्ता रोककर शराब पीने के लिए पैसा मांगा।

# चुनाव देखकर आदिवासियों की याद आती है कांग्रेस को: बृजमोहन

**रायपुर11 अगस्त।** कांग्रेस आदिवासियों की सबसे बड़ी शोषक पार्टी है। साढ़े 4 साल में आदिवासियों के लिए कुछ नहीं किया अब चुनाव आ गया तब भूपेश बघेल को आदिवासियों की याद आ रही है। बताओ मुख्यमंत्री साढ़े 4 वर्षों में कभी आपके बीच आदिवासी दिवस मनाने बस्तर आए हो तो? कांग्रेस ने पिछले साढ़े 4 सालों से आदिवासी क्षेत्र बस्तर का विकास अवरूद्ध कर दिया है। सड़क, अस्पताल, स्कूल सब भाजपा ने बनाया ये तो सिर्फ उसमे रंग रोगन कर अपना फोटो लगा रहे है।

कोई एक उल्लेखनीय काम तो बताए जो उन्होंने बस्तर के लिए लिया हो। उक्त उदगार भाजपा विधायक एवम पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल आज आदिवासी दिवस पर जगदलपुर भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।

भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय



जी व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के सपनो को नरेंद्र मोदी की सरकार एक एक कर पूरा कर रही है। कोरोना काल में मोदी सरकार ने गरीबों को चावल भेजा, जिसे कांग्रेस खा गई। गरीबों के घर में नल के लिए पैसा भेजा जिसे ये खा गए, छत्तीसगढ़ में जमकर लूट मची है। 18 लाख से अधिक गरीबों का जिसमे बस्तर के गरीब आदिवासी है, इनके सर से पक्के छत छीनने का काम किया है भूपेश बघेल ने। श्री अग्रवाल ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी कर रहे है। भाजपा ने 15 वर्षो तक छत्तीसगढ़ में अटल जी के सपने को पूरा करने का काम किया, आदिवासी, गांव, गरीब, महिला, युवा, छात्र छात्राओं सब के विकास के लिए काम किया है। फर्जी घोषणा पत्र, झूठे वादे, जनता को भ्रम में रखकर कांग्रेस ने सरकार बनाई और सत्ता में बैठते सारे वादे भूल गई। आज छत्तीसगढ़ की जनता अपने को ठगा महसूस कर रहा है। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए फिर एक बार हम सब कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर छत्तीसगढ़ में सरकार बनानी है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संतोष बाफना, लछुराम कश्यप, योगेंद्र पाण्डे, समुंदसाय कच्छ, श्रीनिवास मिश्रा, रामाश्रय सिंह, श्रीधर ओझा, नरसिंह राव, मोहन सिंह, उमाकांत सिंह, रजनीश पाणिग्रही, आलोक अवस्थी, संजय पांडे, सुरेश गुप्ता, गोविंद शर्मा, राजेन्द्र बाजपेयी, अविनाश श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, मनीष पारख, सतीश बाजपेयी, श्रीमती सुधा मिश्रा, श्रीमती लक्ष्मी कश्यप,,श्रीमती ढाकेश्वरी पांडेय, श्रीमती ममता राणा, श्रीमती गीता नाग, श्रीमती किरण दीवान, श्रीमती किरण सेन, श्रीमती अलका सेंगर, लाला महावर सहित सैकड़ों की संख्या में प्रमुख नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पांच शहरों की जल प्रदाय योजनाओं को मिली मंजूरी

**रायपुर, 11 अगस्त।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां मंत्रालय महानदी भवन में मिशन अमृत 2.0 की राज्य स्तरीय हाई पावर स्टेयरिंग कमेटी की छठवीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के छह शहरों की जल प्रदाय योजनाओं की विस्तार से चर्चा के उपरांत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की स्वीकृति दी गई।

इन जल प्रदाय योजनाओं से करीब 26 हजार 603 से अधिक घरों में नल कनेक्शन दिए जाएंगे। जल प्रदाय परियोजनाओं की लागत करीब 354 करोड़ रूपए होगी। बैठक में मिशन अमृत-2 के अंतर्गत नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा तैयार स्टेट एक्शन प्लान को भी अनुमोदित किया गया। बैठक में राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौमिल रंजन चौबे ने प्रस्तुतीकरण के जरिए मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत पांच शहरों की जल प्रदाय योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने जांजगीर-चांपा के शिवरीनारायण, कोण्डागांव जिले की कोण्डागांव, कांकेर जिले की भानुप्रतापपुर, जशपुर जिले की कुनकुरी, सुकमा जिले की सुकमा और धमतरी जिले की आमदी जल प्रदाय योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में बताया कि अमृत मिशन एक के तहत स्वीकृत परियोजनाओं पर तेजी से काम किया गया है, इनमें ज्यादातर योजनाओं के कार्य पूर्णता की ओर है। अमृत मिशन के अंतर्गत बेहतरीन कार्य करने पर केन्द्र सरकार द्वारा 69 करोड़ 77 लाख रूपए की रिफार्म इंसेंटिव छत्तीसगढ़ को प्रदाय किया गया है। इसी तरह से अमृत मिशन-2 के अंतर्गत स्वीकृत कार्य प्रगति पर है।

## बीच सड़क युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला, 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर 11 अगस्त।** राजधानी में सरेआम चाकूबाजी की वारदात सामने आई है. जहां एक युवक पर बीच सड़क चाकू से एक बदमाश ने हमला कर दिया. वहीं घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है. घायल युवक का अस्पताल में इलाज जारी है. पूरा मामला गोलबाजार थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है. वहीं इस मामले में चंद घंटों में ही पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि, प्रशांत नामक युवक पर पुरानी रंजिश के चलते चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया गया है. जानकारी के अनुसार, प्रशांत की कुछ लोगों से बहस हो गई थी. जिसके बाद एक आरोपी ने चाकू से लगातार 4-5 बार हमला कर दिया. पूरी वारदात का वहां खड़े लोगों ने वीडियो कैमरे में कैद कर लिया. हालांकि, किसी ने उसे बचाने की कोशिश भी नहीं की। वहीं जब आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद जब फरार हो गया तो वहां खड़े




लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी. जिसके बाद घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया. जिसका इलाज जारी है. पुलिस ने चाकूबाजी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. एक आरोपी के खिलाफ पहले भी चाकूबाजी का मामला दर्ज है. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कम हुआ सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा पर लगातार कार्रवाई की जरूरत : कमिश्नर

**रायपुर 11 अगस्त।** संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने आज वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से रायपुर संभाग में सड़कों से आवारा पशुओं को हटाने, पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की कार्रवाई गहन समीक्षा की। वीडियो कॉफ्रेंसिंग से हुई इस बैठक में पुलिस महानिरीक्षक श्री रतन लाल डांगी सहित संभाग के पांचों जिलों रायपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा, गरियाबंद, धमतरी और महासमुंद के कलेक्टर एवं अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में संभागायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्गों, शहरी क्षेत्रों की सड़कों के साथ संभाग की मुख्य सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा हटाने के लिए की जा रही कार्रवाई की जिलावार समीक्षा की। डॉ. अलंग ने आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाकर गौठानों, कांजी हाउस या गौशालाओं में रखने के साथ-साथ ग्रामीणों और मवेशियों के पालकों से बातचीत कर समस्या का समाधान निकालने के निर्देश सभी कलेक्टरों को दिए। रायपुर संभाग में पिछले एक सप्ताह में 11 हजार से अधिक मवेशियों को सड़कों से हटाया गया है। इन मवेशियों को बड़े गौठानों, गांव के कांजी हाउस या गौशालाओं में सुरक्षित रखा गया है। मवेशियों के मालिकों से 45 हजार रूपये से अधिक जुर्माना भी वसूला गया है। अब तक की गई कार्रवाईयों पर संतोष जताते हुए संभागायुक्त ने आगे भी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश सभी कलेक्टरों को दिए।

बैठक में संभागायुक्त ने गांव-गांव में बने सभी कांजी हाउसों को सक्रिय करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने मवेशियों को रखने वाले गौठानों, गौशालाओं और कांजी हाउसों में चारा-पानी के साथ-साथ पशुओं के इलाज की सुविधा भी सुनिश्चित करने को कहा। जिला कलेक्टरों ने बताया कि आवारा और सड़क पर बैठे मवेशियों की धर-पकड़ के दौरान उनके गले में रेडियम बेल्ट बांधा जा रहा है, ताकि पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके साथ ही पशुओं की टैगिंग कर उनके मालिकों की पहचान भी की जा रही है, ताकि भविष्य में सड़क पर बैठे पाये जाने पर पशु टैग से मालिक को चिन्हांकित कर कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही बैठक में नये गौशालाओं के पंजीयन के काम में भी तेजी लाने के निर्देश संभागायुक्त ने दिए। उन्होंने गांव स्तर पर पशुपालकों से चर्चा कर मवेशियों को खुले में नहीं छोड़ने और उससे होने वाले नुकसान के बारे में अधिक से अधिक जानकारी देने के निर्देश भी दिए।




## छत्तीसगढ़ क्रेडाइ स्टेट कांफ्रेंस 21 को

**रायपुर, 11 अगस्त।** छत्तीसगढ़ क्रेडाई का स्टेट कांफ्रेस 21 अगस्त को रायपुर में होने जा रहा है। स्टेट कांफ्रेंस इससे पहले वर्ष 2020 में हुआ था और उसके बाद कोरोनाकाल के दौरान नहीं हुआ था। इस बीच कुछ नई पालिसी बन गई है तो कुछ नई जानकारियां भी डेवलप हो गई है। इन सारे विषयों से अवगत कराने के लिए देश के विशेषज्ञ भी स्टेट कांफ्रेंस में शामिल होने आ रहे हैं। साथ क्रेडाई के राष्ट्रीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम नया रायपुर स्थित मेफेयर में होगा, जिसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सम्मान भी किया जाएगा। क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय रहेजा, प्रोग्राम चेयरमेन आयुष मोदी,सचिव पंकज लाहोटी ने बताया कि छत्तीसगढ़ क्रेडाई ने हमेशा कुछ न कुछ नया अपने मेंबर्स के लिए किया है। स्टेट कांफ्रेंस करने का उद्देश्य केवल अपने राज्य तक ही नहीं बल्कि बाहर स्टेट में क्या कुछ नया हो रहा है जानकारी उपलब्ध कराना है। वहां की पालिसी क्या है, नेशनल स्तर पर क्या पालिसी है, हम क्या कुछ सुधार कर सकते हैं जैसे विषयों से अवगत कराना है। यह कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे शुरू होगा और शाम सात बजे तक चलेगा। लगभग 300 से 350 बिल्डर्स-डेवलपर्स इसमें हिस्सा लेंगे। जिससे एक-दूसरे की जानकारियों को साझा करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि स्टेट कांफ्रेंस के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे और विशेष अतिथि के रूप में आवास व परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय निकाय मंत्री डा. शिव डहरिया,नेशनल क्रेडाई के अध्यक्ष मनोज गौर उपस्थित रहेंगे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23